आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 343- ● जबलपुर ● बुधवार, 19 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## 13 साल 9 महीने से जेल में था बेकसूर

इंदौर । सत्र न्यायालय ने एक व्यक्ति को 2008 में ही हत्यारा मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुना दी थी। 13 साल 9 महीने से वह जेल में बंद है। कई बार जमानत के लिए हाई कोर्ट में गुहार भी लगाई लेकिन राहत नहीं मिली। जेल की सलाखों के पीछे न्याय के लिए वह छटपटाता रहा। आखिर अब हाई कोर्ट ने माना कि उसका हत्या से कोई लेना देना नहीं था। 13 साल पुराने सत्र न्यायालय के फैसले को पलटते हुए कोर्ट ने उसे बरी करने के आदेश दे दिए।मामला उज्जैन निवासी संजय मेहर का है। 12 सितंबर 2008 को उज्जैन जिला एवं सत्र न्यायालय ने उसे दो अन्य लोगों के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। आरोप था कि संजय ने आपसी विवाद में राम उर्फ नीरज नामक व्यक्ति की हत्या की थी। घटना 17 दिसंबर 2006 की थी। पुलिस के मुताबिक संजय मेहर और दो अन्य लोगों का राहुल नामक व्यक्ति से विवाद चल रहा था।

**सत्र न्यायालय ने 2008 में सुनाई थी आजीवन कारावास की सजा, हाई कोर्ट ने पलटा फैसला**



## 500 का छुट्टा कराने के लिए खरीदा था लॉटरी टिकट

### 5 घंटे बाद बन गए करोड़पति



कोट्टायम। केरल के कोट्टायम में एक शख्स 5 घंटे बाद करोड़पति बन गया। हुआ यूं कि 77 वर्षीय सदानंदन ओलीपराम्बिल केरल के कोट्टायम के रहने वाले हैं। रविवार की सुबह थी, और सदानंदन घर से सब्जी लेने निकले थे। लेकिन उनके पास 500 रुपये के छुट्टे नहीं थे। इसलिए उन्होंने दुकानदार से एक लॉटरी का टिकट खरीद नोट का छुट्टा करवा लिया। वैसे तो सदानंद लंबे समय से लॉटरी टिकट खरीद रहे थे। लेकिन उनकी किस्मत कभी चमकी नहीं थी। लेकिन इस बार देने वाले ने उन्हें छप्पर फाड़ के दे दिया। वो केरल सरकार के क्रिसमस-न्यू ईयर लॉटरी (क्रिसमस न्यू ईयर बंपर 2021-22) का 12 करोड़ रुपये का पहला पुरस्कार जीतकर सुर्खियों में छा गए हैं।दरअसल, लॉटरी टिकट खरीदने के चंद घंटे बाद ही उन्हें पता चला कि वह जैकपॉट के विजेता बन गए हैं, जिसकी इनाम राशि 12 करोड़ थी। दरअसल, वह पिछले कई सालों से नियमित रूप से लॉटरी टिकट खरीद रहे थे लेकिन यह पहली बार है कि जब उन्होंने बंपर इनाम जीता है।सदानंदन को 500 रुपये के छुट्टे की जरूरत थी। इसलिए उन्होंने सेलवन नाम एक स्थानीय लॉटरी विक्रेता से एक लॉटरी टिकट (ङ्गत्र 21858) खरीद लिया। उन्होंने बताया- मैं मीट की दुकान की तरफ जा रहा था और नोट का छुट्टा कराने की कोशिश कर रहा था। जब छुट्टा नहीं मिला तो उन्होंने एक लॉटरी टिकट खरीद लिया, और दोपहर में जब रिजल्ट आया तो वह हक्के-बक्के रह गए। क्योंकि यकीन ही नहीं हुआ कि वो चंद घंटे में ञ्करोड़पतिञ् बन गए हैं। सदानंदन, कुडेमपाडी के पास अपनी पत्नी और बच्चों के साथ एक छोटे से घर में रहते हैं। वह पेशे से पेंटर हैं, जिनकी जिंदगी महामारी के बाद से मुश्किलों से गुजर रही थी। उनका कहना है- अब मैं अपना अच्छा सा घर बनाना चाहता हूं ।

## गणतंत्र दिवस समारोह पर कोरोना का असर

नई दिल्ली। कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की वजह से दुनिया के कई देशों में दैनिक मामलों में काफी उछाल देखने को मिल रहे हैं। भारत में भी लगातार मामलों में इजाफा हो रहा है। इसके असर 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस परेड पर भी होता दिख रहा है। पिछले साल की तरह इस साल भी मुख्य अतिथि के तौर पर किसी विदेशी नेता के बिना ही राजपथ पर परेड का आयोजन होगा। आपको बता दें कि भारत ने पांच मध्य एशियाई देशों (कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उजबेकिस्तान) के नेताओं को समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि इस संबंध में किसी भी देश द्वारा कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई थी।पिछले कुछ हफ्तों में कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वैरिएंट का तेजी से प्रसार और हाल ही में कजाकिस्तान में हिंसक विरोध में हुई 220 से अधिक लोगों की मौत की वजह से इन देशों के नेताओं का भारत दौरा टल गया।

**इस साल भी बिना मुख्य अतिथि संपन्न होगी परेड**

## कोरोना के नए केसों ने फिर डराया

### 2 लाख 80 हजार के पार

### एक्टिव मामले 18 लाख से ज्यादा

नई दिल्ली। बीते 4 दिनों में कोरोना वायरस के नए केसों में जो कमी देखने को मिल रही थी, वह फिर से खत्म हो गई है। बुधवार को आए बीते एक दिन के आंकड़े में कोरोना के 2 लाख 83 हजार नए केस मिले हैं। इसके साथ ही देश भर में कुल सक्रिय मामलों की संख्या तेजी से बढ़ते हुए 18 लाख 31 हजार हो गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि एक तरफ कोरोना के नए केस 2,82,970 मिले हैं तो वहीं इसी दौरान 1 लाख 88 हजार से ज्यादा लोगों ने कोरोना को मात दी है। कोरोना के नए केसों में जिस तेजी से इजाफा हो रहा है, उससे माना जा रहा है कि अगले दो दिनों में आंकड़ा 20 लाख के पार हो सकता है। देश में अब तक मिले कुल केसों की तुलना में एक्टिव मामले फिलहाल 4.83 फीसदी हैं। इसके अलावा रिकवरी रेट भी लगातार तेजी से घट रहा है और यह अब 93.88 पर्सेंट है। हालांकि एक्सपर्ट्स के मुताबिक राहत की बात यह है कि कोरोना की तीसरी लहर के दौरान नए केसों का आंकड़ा 4 लाख के पार नहीं जाएगा। इससे पहले कुछ अनुमानों में यह संख्या 4 से 8 लाख तक पहुंचने की बात कही गई थी। इस बीच कोरोना के डेली पॉजिटिविटी रेट की बात करें तो यह 15.13 पर्सेंट हो गया है, जबकि वीकली पॉजिटिविटी रेट 15.53 फीसदी है।



### कोरोना से मप्र में 24 घंटों में 5 मौतें

भोपाल । प्रदेश मे कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर भयावह रूप लेती जा रही है। कोरोना संक्रमण से चौबीस घंटे में पांच संक्रमितों की मौत हो गई है। वहीं 7,597 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें 116 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।कोरोना की नई चाल डराने लगी है, क्योंकि इस सीजन में पहली बार चौबीस घंटे के भीतर पांच संक्रमितों की मौत हो गई है। जिन कोरोना मरीजों की पहचान हुई है, उनकी जांच के लिए सैंपल मंगलवार को लिये गए थे। जांच रिपोर्ट बुधवार सुबह दस बजे आई है। इसके साथ ही अब प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 43 हजार 973 हो गई है। इनमें से 632 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं, बाकी के होम आइसोलेशन में है।

## समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका

### मुलायम की बहू भाजपा में शामिल



लखनऊ। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा। मुलायम सिंह की छोटी बहू अपर्णा यादव बुधवार को भाजपा में शामिल हो गईं। उन्हें दिल्ली के मुख्यालय में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र सिंह देव ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। बताया जा रहा है कि वे लखनऊ कैंट से टिकट नहीं मिलने से अखिलेश से नाराज थीं।मुलायम परिवार में टूट की यह खबर सपा के लिए बड़ा झटका है। वहीं, बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने से परेशान भाजपा के लिए राहत। दो दिन से ही अपर्णा के भाजपा में शामिल होने की चर्चा थी। बताया जा रहा है कि अपर्णा सपा से लखनऊ कैंट सीट से टिकट मांग रहीं थीं। हालांकि, अखिलेश इसके लिए तैयार नहीं हुए। अपर्णा ने इंतजार किया। लेकिन, जब पार्टी प्रमुख की तरफ से हरी झंडी नहीं मिली तो उन्होंने पार्टी छोड़ने का मन बना लिया। मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक की पत्नी अपर्णा यादव लखनऊ कैंट विधानसभा से सपा पार्टी के टिकट पर 2017 में चुनाव हार चुकी हैं।

## जब भूख से मौतों पर सुप्रीम कोर्ट के पांच शब्दों ने सरकार की कर दी बोलती बंद

नई दिल्ली। खुद भूखा रहकर, किसी को खिलाकर तो देखिए, कुछ यूं इंसानियत का फर्ज, निभाकर तो देखिए! जिसने भी यह कहा, उसे भला क्या पता कि हम जिसे अपना रहनुमा मानते हैं, वो ही किसी के भूखा होने से इनकार करता है। और जब कोई भूखा ही नहीं तो फिर खुद भूखा रहने की जरूरत क्या? अपना पेटकर जो भोजन बचेगा, हम भला खिलाएंगे किसे? कोई भूखा है ही नहीं! देश की सर्वोच्च अदालत को भी जब यही बताया गया कि कोई भूखा है ही नहीं, तो वही हुआ जिसकी आस परिधि पर पड़ा कोई निस्सहाय न्याय व्यवस्था से करता है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा, देश-दुनिया के सर्वे डेटा चीख रहे हैं कि भारत में न केवल भूख की समस्या है, बल्कि इतनी गहरी है कि भूख से लोगों की जानें जा रही हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा कि वो कम्यूनिटी किचन की व्यवस्था करे और सुनिश्चित करे कि एक भी व्यक्ति की मौत भूख से नहीं हो। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के रवैये पर हैरत जताई और अंग्रेजी में कहा, You e&pect us to believe it (क्या सरकार सच में सरकार को लगता है कि वो जो भी कहेगी, कोर्ट उसे मान लेगा) !ञ्अंग्रेजी के इन्हीं पांच शब्दों में मिली फटकार से बैकफुट पर आए अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने तुरंत इसका ठीकरा राज्य सरकारों पर फोड़ दिया।





### फिर मुसीबत में भगौड़ा Vijay Mallya

लंदन । भारत में भगौड़ा घोषित हो चुका कारोबारी विजय माल्या अब लंदन में भी घर से बेदखल हो सकता है। ब्रिटेन की एक कोर्ट ने कर्ज नहीं चुकाने पर कारोबारी विजय माल्या के लंदन स्थित घर को बेचने के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि विजय माल्या ने इस घर को बेचने से रोकने के लिए एक याचिका लगाई थी, लेकिन उनके लंदन स्थित आलीशान घर से बेदखल करने के आदेश पर रोक लगाने की अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी।स्विस बैंक ह्वक्च के साथ लंबे समय से चल रहे कानूनी विवाद के बाद कोर्ट ने विजय माल्या के घर को खाली करने का आदेश दिया गया था।

### मुंबई में गे सेक्स रैकेट का पर्दाफाश

मुंबइ। मुंबई में पहली बार गे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। थाना मालवानी पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों को अरेस्ट किया है। यह गिरोह पिछले कई महीने से ऑनलाइन डेटिंग गे ऐप ग्याइंडरज के जरिए यह सेक्स रैकेट चला रहा था और ब्लैकमेलिंग भी करता था। पुलिस जांच में सामने आया है कि इनके क्लाइंट्स में कई हाई प्रोफाइल लोग भी शामिल हैं। इन युवकों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब इन हाई प्रोफाइल लोगों पर भी शिकंजा कस सकती है।



### चीन की करतूत, बना लिया 400 मीटर लंबा ब्रिज

नई दिल्ली। चीन पैंगोंग त्सो झील के दूसरी तरफ नया ब्रिज बना रहा है। इसकी लंबाई 400 मीटर से अधिक है। इस ब्रिज का कंस्ट्रक्शन होने के बाद बीजिंग को इस इलाके में सैन्य बढ़त मिल सकती है। यह पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच टकराव का अहम केंद्र रहा है। यह पुल 8 मीटर चौड़ा है और पैंगोंग के उत्तरी तट पर चीनी सेना के एक ठिकाने के करीब है। 2020 में इसी इलाके भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच टकराव हुआ था। तब चीनी क्षेत्र में कुछ अस्पताल और सैनिकों के आवास देखे गए थे।16 जनवरी को सैटेलाइट से मिले इमेज ये पता चलता है कि पुल के खंभों को कंक्रीट स्लैब से जोड़ने में मदद करने के लिए चीनी मजदूर एक भारी क्रेन का इस्तेमाल कर रहे हैं। जो तस्वीरें सामने आई हैं, उसके निर्माण कार्य की सीमा से ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि कुछ महीनों भीतर पुल का निर्माण कार्य पूरा हो सकता है।

### बांग्लादेश में ख्यात अभिनेत्री राइमा की बोरे में मिली लाश

ढाका । बांग्लादेश की ख्यात अभिनेत्री राइमा इस्लाम शिमू के अचानक लापता हो जाने के बाद अब उनकी लाश राजधानी ढाका के बाहरी इलाके में मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस के मुताबिक Raima Islam Shimu का शव सोमवार को केरानीगंज में हजरतपुर ब्रिज के पास एक बोरे में मिला था। गौरतलब है कि बीते दिनों Raima Islam Shimu के लापता होने के बाद उसके परिवार ने रविवार को कालाबागान थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम ने केरानीगंज मॉडल स्टेशन से शव बरामद किया है और अब मामले की जांच की जा रही है। ढाका पुलिस ने बताया है कि Raima Islam Shimu के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सर सलीमुल्लाह मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है।




### एमपी प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड की भर्ती परीक्षाओं पर बड़ा फैसला

## आयु सीमा में छूट ,मिलेंगे अतिरिक्त अंक भी



भोपाल। शिवराज सरकार ने एमपी प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब शासकीय सेवा में कार्यरत विभिन्न वर्गों के उम्मीदवारों को एमपीपीईबी की भर्ती परीक्षाओं में अधिकतम आयु सीमा में छूट मिलेगी और साथ ही अतिरिक्त अंक भी मिलेंगे। एमपी सरकार के प्रवक्ता और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि शासकीय सेवा में कार्यरत विभिन्न वर्गों के ऐसे उम्मीदवार जो प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होते हैं, उन्हें परीक्षा में 5 फीसदी अतिरिक्त अंक प्रदान करने और अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष निर्धारित किये जाने का निर्णय कैबिनेट ने लिया है। नरोत्तम मिश्रा ने फैसले के बारे में स्पष्ट करते हुए बताया कि ये वो लोग हैं जो हमारे अलग-अलग विभागों में काम करते हैं और काम करते करते परीक्षा देते हैं। विभिन्न वर्गों के उम्मीदवारों में भूतपूर्व सैनिक, अतिशेष कर्मचारी, भारत-पाक संघर्ष में दिव्यांग और मृत सैनिक आदि शामिल है। शासकीय सेवा में कार्यरत विभिन्न वर्गों के ऐसे उम्मीदवार जो प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होते हैं, उन्हें परीक्षा में 5त्न अतिरिक्त अंक प्रदान करने और अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष निर्धारित किये जाने का निर्णय कैबिनेट ने लिया है।

**शासकीय सेवाओं में कार्यरत उम्मीदवारों को राहत**

### कोई नहीं फैला सकता भय का वातावरण

भोपाल। रतलाम जिले के सुराणा गांव में हिंदुओं द्वारा वर्ग विशेष के लोगों से भय और प्रताड़ना के चलते पलायन की चेतावनी देने के मामले ने तूल पकड लिया है। प्रदेश के गृहमंत्री डा नरोत्तम मिश्रा ने इस मामले में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वह पीड़ितों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन से बात करेंगे। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हमारा प्रदेश शांति का टापू है, कोई भी यहां भय का वातावरण नहीं फैला सकता है। पीड़ितों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन से बात करूंगा।मध्यप्रदेश शांति का टापू है और कोई भी भय का वातावरण नहीं फैला सकता है।

## कोल्ड डे की स्थिति, 21 से फिर दिखेगा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर भारत इन दिनों शीतलहर की गिरफ्त में है। पिछले कुछ दिनों में पंजाब, हरियाणा और यूपी के कई इलाकों में ठंड बढ़ी है। मौसम विज्ञानियों की मानें तो अगले कुछ दिन ठंड कम होने की संभावना है। उत्तर भारत के राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, ताजा सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस 21 जनवरी से उत्तर पश्चिमी भारत को प्रभावित कर सकता है। वहीं राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (स्र्नस्न्रक्र) के मुताबिक दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक (ञ्तक्ष्) आज 331 (बहुत खराब श्रेणी में) है।स्काईमेट वेदर के मुताबिक आज उत्तर प्रदेश, बिहार के कुछ हिस्सों, राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश में घना से बहुत घना कोहरा पड़ सकता है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में कोल्ड डे की स्थिति बने रहने की संभावना है। गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और हल्की बर्फबारी हो सकती है।





## ओएफके कन्ज्यूमर स्टोर को लेकर खींचातानी

# 4 यूनियन दो धड़ों में बंट कर एक दूसरे के विरोध में

जबलपुर यशभारत ।खमरिया में वर्क्स कमेटी चुनाव तो हो गए हैं ।इस चुनाव के दौरान आपस में समझौता कर दो धड़ों के बीच कन्ज्यूमर स्टोर्स को लेकर आपस में खींच तान मे लगे हैं ।इसी खींचतान के चलते सहकारिता विभाग ने ओएफके कंज़ूमर स्टोर्स में तीसरी बार प्रशासक बदला गया है ।इस संबंध में कामगार यूनियन और सुरक्षा यूनियन ने संयुक्त विज्ञप्ति में कहा है किबाहरी तत्व द्वारा सूदखोरी की शिकायत रोकी गई कटौती को बहाल कराने के लिए व्यापारी के दबाव पर पूर्व प्रशासक को बदलकर सहकारिता विभाग द्वारा नरेंद्र सोनकर को नया प्रशासक नियुक्त किया गया है ।जिन्होंने अवैध व्यापार एवं अनैतिक गतिविधियों को पूरी तरह से रोकने का आश्वासन यूनियन प्रतिनिधियों को दिया है। बताया गया कि जुलाई2021 में अरविंद जैन को प्रशासक नियुक्त किया गया था ।किंतु अरविंद जैन पर व्यापारी से मिलीभगत कर कैश बुक और लेजर में बदलाव की शिकायत के बाद उन्होंने खुद ही तबादला चाहते हुए आवेदन दिया था जिसके आधार पर उन्हें बदल दिया गया ।फिर आशीष शुक्ला को प्रशासक नियुक्त किया गया था। आशीष शुक्ला द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की एक माह के अंदर ही उन्हें पृथक करते हुए नरेंद्र सोनकर को नया प्रशासक नियुक्त किया गया है। आरोप है कि ओएफके कंज़ूमर स्टोर्स के माध्यम से एक व्यापारी संतोष अग्रवाल द्वारा अवैध सूदखोरी का व्यवसाय संचालित किया जाता है ।जिसकी लगातार शिकायतें अधिकारियों से की जाती रही हैं। कंज़ूमर स्टोर्स की एक दुकान कर्मचारियों को कपड़ा और बर्तन उपलब्ध कराने के लिए खोली गई। आरोप है बर्तन व्यापारी द्वारा बर्तन की जगह नगद राशि कर्मचारियों को उधार दी जाती है और 4 गुना राशि की कटौती फैक्ट्री के माध्यम से वेतन से कराई जाती है। आयुध निर्माणी खमरिया के कई कर्मचारियों द्वारा बरसों से अवैध रूप राशि हषडयंत्र पूर्वक काटे जाने की शिकायत पर प्रबंधन द्वारा जांच कराई गई एवं भारी अनियमितता सामने आने पर इस माह कर्मचारियों की कटौती रोक दी गई। पूर्व प्रशासक द्वारा भी शिकायतकर्ता कर्मचारियों की कटौती रोके जाने की अनुशंसा की गई थी । यूनियन प्रतिनिधियों ने नए प्रशासक से मांग की है कि अवैध व्यापार औरअवैध कटौती पुनः प्रारंभ ना की जाए । सुरक्षा और कामगार यूनियन ने महाप्रबंधक खमरिया से भी मांग की है कि दुकान नंबर 13 / ई जिस पर व्यापारी संतोष अग्रवाल अवैध रूप से काबिज है पर कार्यवाही की जाए। सुरक्षा कर्मचारी यूनियन एवं कामगार यूनियन के अरुण दुबे राकेश शर्मा रूपेश पाठकक्षआनंद शर्मा अमित चौबे राजेंद्र चड़ारिया मोहित भनौदा रमेश यादव धर्मेंद्र रजक आदि ने समुचित कार्यवाही ना होने पर न्यायालयीन कार्यवाही की प्रक्रिया अपनाने की चेतावनी दी है।




## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की जेल

## दो हजार जुर्माने की सजा

जबलपुर । पनागर में एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को जिला अदालत ने 10 साल कारावास की सजा सुनाई है, वहीं पास्को की विशेष अदालत ने दोषी पर दो हजार रुपये का जुर्माने लगाया है। पीड़ित पक्ष ने पनागर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी, जिसके अनुसार 9 नवंबर 2019 को जब पीडति़ा खेत से धान काटकर वापस आ रही थी, तभी आरोपी संदीप ठाकुर उसे पास बने मंदिर के पास ले गया और पेड़ की आड़ में उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने चिल्लाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसे अपशब्द कहने लगा। दोषी ने नाबालिग का मुंह चुन्नी से बांध दिया और उसे नाले में फेंकने की धमकी दी। घटना के दौरान पीड़िता के हाथों, कंधे, कमर और पैर में चोट आयी थी। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पनागर पुलिस ने आरोपी संदीप ठाकुर के खिलाफ दुराचार व पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत में चालान पेश किया था। सुनवाई के दौरान गवाह और साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपी को दोषी पाया और 10 साल की जेल और 2 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।




## बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल ने रचा कीर्तिमान

# सतना के किसान को पत्नी ने दी नई जिंदगी

### जबलपुर में हुआ पहला लेप्रोस्कोपिक किडनी ट्रांसप्लांट

**जबलपुर यश भारत** । बडेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के सतत, अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप शहर के किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ राजेश पटेल एवं वरिष्ठ नेफ्रोलोजिस्ट डॉ. विशाल वढ़ेरा ने 9 जनवरी 2022 को जबलपुर एवं समस्त महकौशल क्षेत्र का प्रथम डोनर लेप्रोस्कोपिक किडनी ट्रांसप्लांट का कीर्तिमान स्थापित करते हुए नए वर्ष में जबलपुर और समस्त महा कोशल क्षेत्र को सफल किडनी ट्रांसप्लांट की सौगात दी है जिसमें सतना निवासी 27 वर्षीय किसान प्रकाश नारायण पटेल को उसकी पत्नी श्रीमती नीता पटेल ने अपनी एक किडनी देकर उसे नई जिंदगी दी। इस सफल ऑपरेशन के बाद महाकोशल क्षेत्र के गम्भीर किडनी मरीज़ों को, जिन्हें ट्रांसप्लांट(प्रत्यारोपण ) की आवश्यकता है, उन्हें अब बड़े शहरों की लम्बी वेटिंग लिस्ट और सतत लगने वाले चक्करों से निजात मिल जाएगी। इतने जटिल और कठिन ऑपरेशन की सुविधा अब शहर में भी उपलब्ध होना जबलपुर के मेडिकल क्षेत्र की बहुत बड़ी उपलब्धि है। अब क्षेत्र के वो जरूरतमंद मरीज़ जिनके लिए बाहर जाकर इलाज करवाना सम्भव नही था, वो आसानी से इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। बडेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के डायरेक्टर राजीव बडेरिया ने बताया कि ये उनके हॉस्पिटल एवं समस्त क्षेत्र के लिए बहुत ही गर्व की बात है, कि इतनी विश्वस्तरीय मेडिकल सुविधाएँ यहाँ भी उपलब्ध होने लगी हैं। हॉस्पिटल के कुशल एवं अनुभवी डॉक्टर्स की टीम के कारण इतना बड़ा ऑपरेशन यहाँ करना सम्भव हो पाया है। डॉ राजेश पटेल, डॉ विशाल वढ़ेरा के साथ डॉ शैलेंद्र राजपूत, डॉ फतनींद्र सोलंकी, डॉ देवेश गुप्ता, डॉ अनूप जैन, डॉ पंकज शर्मा, डॉ विपिन रघुवंशी और कुशल स्टाफ़ का भी इसमें विशेष योगदान रहा। साथ ही मेट्रो हॉस्पिटल के कुशल नर्सिंग स्टाफ़ की देखरेख के कारण ही मरीज़ इतनी शीघ्रता से स्वस्थ हो पाया है। लेप्रोस्कोपी द्वारा ऑपरेशन होने से डोनर को मात्र तीन दिनों में ही छुट्टी दे दी गई, जिसमें की सामान्यतः सात दिनों का वक्त लगता है ।अब मरीज़ भी पूरी तरह स्वस्थ हो चुका है और एक सामान्य इंसान की तरह जीवन जीने लगा है और छुट्टी हो चुकी है। किडनी फ़ेल्यर एक ऐसी बीमारी है जिसमें बड़े हुए शुगर अथवा अन्य कारणों के मरीज़ की दोनों किडनी काम करना बंद कर देती हैं और जिंदा रहने के लिए डायलिसस या किडनी ट्रांसप्लांट ही एक मात्र इलाज बचते हैं। डायलिसस भी सिर्फ़ अस्थाई इलाज है। इससे मरीज़ की बीमारी ठीक नही होती और ये जिंदगी भर करवाना पड़ता है, वो भी हफ़्ते में कम से कम दो से 3 बार शारीरिक और मानसिक तकलीफ़ के अलवा परिवार को खर्चा भी बहुत उठाना पड़ता है जो कि हर किसी के लिए सम्भव नही हो पाता। ऐसे में सबसे अच्छा इलाज किडनी ट्रांसप्लांट ही माना जाता है।

### ये जटिल ऑपरेशन है

डॉ. बडेरा व डॉ.पटेल ने बताया कि किडनी ट्रांसप्लांट एक जटिल ऑपरेशन है जिसके लिए विशेषज्ञ और अनुभवी डाक्टर्ज़ की पूरी टीम, ऑपरेशन की बाद की केअर के लिए ट्रेंड हॉस्पिटल स्टाफ़ की बहुत ज़रूरत होती है। इसमें एक स्वस्थ डोनर की एक किड्नी निकाल कर मरीज़ को लगा दी जाती है। चूँकि एक किडनी होने पर इंसान बिलकुल सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है, तो मरीज़ और डोनर दोनों ही बिलकुल स्वस्थ ज़िंदगी जीते हैं। आम तौर पर इतने बड़े ऑपरेशन के लिए जबलपुर के लोगों को बड़े शहर का रुख़ करना पड़ता था जिसमें मरीज़ और उसके परिवार को ना सिर्फ़ आर्थिक बल्कि अन्य कई तरह की तकलीफ़ों का सामना करना पड़ता था। ना सिर्फ़ ऑपरेशन के लिए 2 से 3 महीने वहाँ रुकना होता है बल्कि किडनी ट्रांसप्लांट के सफल ऑपरेशन के बाद भी मरीज़ को ज़िंदगी भर फ़ॉलोअप में रहना ज़रूरी होता है ।इसीलिए इस ऑपरेशन के लिए शहर के बाहर जाने पर कई तरह की दिक़्क़तें आती हैं। अब किडनी के मरीज़ों को अन्य किसी महानगर जाने की आवश्यकता नही है बल्कि यह हमारे शहर जबलपुर में बड़ेरिया मेट्रोप्राइम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अब संभव है।

# 21 को सौभाग्य योग में मनाई जाएगी संकष्टी चतुर्थी

**जबलपुर। संकष्टी चतुर्थी 21 जनवरी को मनाई जाएगी। इसे लेकर शहर में स्थित गणेश के मंदिरों में विशेष तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। माघ माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को तिलकुट चौथ का पर्व मनाया जाता है। इस पर्व को संकट चौथ, तिलकुटा चौथ, संकटा चौथ, माघी चतुर्थी और संकट चतुर्थी के नामो से जाना जाता है।**

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार संकट चौथ पर सौभाग्य योग बन रहा है। इस शुभ योग पर किया गया। कोई भी कार्य और पूजा सफलता दिलाती है। सौभाग्य योग दोपहर तीन बजकर छह मिनट तक रहेगा। इसके बाद शोभन योग शुरू होगा। वहीं चतुर्थी तिथि 21 जनवरी को सुबह आठ बजकर 51 मिनट से शुरू होगी और 22 जनवरी को सुबह नौ बजकर 14 मिनट तक चलेगी। संकट चौथ पर भगवान गणेश की पूजा करने से ग्रहों की अशुभता दूर करने में मदद मिलती है।

### संकष्टी चतुर्थी पूजा विधि

पूजा से पहले पूजा के स्थान को गंगाजल से शुद्ध कर लकड़ी की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाएं। इस पर तिल और गुड़ को मिलाकर गणेश की मूर्ति बनाकर स्थापित कर रोली चंदन सिंदूर लगा कर दूर्वा एवं पुष्प अर्पित करें। पूजा के दौरान गणेश मंत्र का जाप करें। पूजा के दौरान गणेश जी को प्रसाद में तिल और गु? से बने प्रसाद या मोदक व लड्डुओं का भोग लगाएं। भगवान गणेश का षोडशोपचार पूजन कर शाम को चंद्रमा को अर्घ देकर व्रत का समापन करें।



### संकष्टी चतुर्थी को लेकर पौराणिक मान्यता

ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान गणेश अपने जीवन के सबसे बड़े संकट से निकल कर आए थे। इसलिए इसे संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है। एक बार माता पार्वती स्नान करने के लिए गई इस दौरान माता ने दरवाजे पर गणेश को खड़ा कर दिया। किसी को भी अंदर नहीं आने देने के लिए कहा। जब भगवान शिव आए तो गणपति ने उन्हें अंदर आने से रोक दिया। भगवान शिव क्रोधित हो गए और उन्होंने अपने त्रिशूल से गणेश का सिर ध? से अलग कर दिया। पुत्र का यह हाल देखकर माता पार्वती विलाप करने लगीं और अपने पुत्र को जीवित करने के लिए हट करने लगी, तब शिवजी ने गणेश को हाथी का सिर लगाकर उनको दूसरा जीवनदान दिया। तभी से वह गजानन कहलाए। इसी दिन से गणेश को 33 करोड़ देवी देवताओं का आशीर्वाद मिला और इसी दिन से संकट चौथ मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई।

## सर्वसम्मति सेस्थायी कर्मी प्रकोष्ठ का गठन

**जबलपुर।** म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा अध्यक्ष रविकांत दहायत की अनुशंसा पर बरगी हिल्स शाखा अध्यक्ष वैद्यनाथन अय्यर द्वारा स्थायी कर्मी प्रकोष्ठ का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिमसें अध्यक्ष रामविशाल यादव, संरक्षक बालगोविंद माली, उपाध्यक्ष मुनेन्द्र दुबे, सचिव शिवनारायण साहू, कोषाध्यक्ष चतरू प्रसाद यादव, उप-कोषाध्यक्ष संतोष कुमार द्विवेदी, सह-सचिव अम्बर बोस, प्रचार मंत्री दिनेश सोनी सर्वसम्मति से चुने गये।

## प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का स्मरण किया

**जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा भारत देश को स्वर्णिम भारत बनाने के उद्देश्य के साथ की जा रही, समाज के हर वर्ग में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए की जा रही आध्यात्मिक सेवाओं से, स्वयं में सकारात्मक परिवर्तन लाकर के पूरे विश्व को परिवर्तन करने की प्रेरणा देने वाली सेवाओं से आज जन सामान्य परिचित है। इस संस्था की स्थापना करने वाले संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 53वां पुण्य स्मृति दिवस सादे एवं गरिमामय रीति से संस्था के शिव वरदान भवन कटंगा कालोनी स्थित सेवा केंद्र में मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी बीके विमला दीदी ने पिताश्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपके द्वारा किए गए कार्य की मिसाल अनुपम है। आपने नारी शक्ति को समाज में उनका यथोचित स्थान दिलाने के अनेकानेक प्रयास किए। फलस्वरूप ब्रह्माकुमारीज संस्था केवल महिलाओं के द्वारा संचालित किया जाने वाला विश्व के एक प्रमुख संगठन के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। आपने आगे कहा कि पिताश्री ने माताओं और कन्याओं को उनकी आध्यात्मिक शक्तियों की अनुभूति करा आध्यात्मिक पथ पर ब ?ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सेवा केंद्र के सभी नियमित भाई बहनों ने दिन भर मौन साधना करते हुए और पिताश्री के जीवन प्रसंगों का स्मरण करते हुए अपनी आत्मा में निहित जीवन मूल्यों रुपी रत्नों को पहचान करके अपने जीवन को सकारात्मकता से भरपूर करने के लक्ष्य को प्राप्ति में सफल रहने का संकल्प धारण किया।



### वि.वि. शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव

## श्रीष दुबे अध्यक्ष एवं मनीष पाण्डेय महासचिव निर्वाचित



जबलपुर । रादुविवि में शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव में श्रीष दुबे ने 265 मत प्राप्त करते हुए अपने एकमात्र प्रतिद्वंदी प्रेमप्रकाश पुरोहित (183 मत) को पराजित कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष के 02 पदों के लिए श्री राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा (189 मत) एवं श्री राम सजीवन सौंधिया (181 मत) विजयी घोषित हुए। महासचिव के 01 पद के लिए मनीष पाण्डेय ने 239 मत प्राप्त कर अपने एकमात्र प्रतिद्वंदी संजय यादव (198 मत) को पराजित कर विजय हासिल की। संयुक्त सचिव के लिए अजीत सिंह ने 135 मत प्राप्त कर विजय प्राप्त किया एवं कोषाध्यक्ष में अजय श्रीवास 213 मत प्राप्त कर विजयी रहे। कार्यकारिणी के 05 पदों के लिए जयशंकर पाण्डेय (201 मत), राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला (177 मत), गणेश प्रसाद उनेहा (171 मत), स्वामीदीन बैगा (138 मत) एवं देवेन्द्र कुमार शर्मा (112 मत) चुने गए। चुनाव अधिकारी प्रो. राकेश बाजपेयी के अनुसार पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में मंगलवार को प्रातः 9.00 बजे से 1.00 बजे तक मतदान हुआ जिसमें कुल 508 मतदाताओं में से 458 लोगों ने मतदान दिया। कोविड-19 के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। प्रो. बाजपेयी ने चुनाव कार्य में संलग्न प्राध्यापकों, अधिकारियों, अतिथि विद्वानों एवं कर्मचारियों सहित पुलिस प्रशासन को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मतगणना स्थल पर नतीजे आने के बाद जश्न का माहौल हो गया। ढोल नगाढ़ों की धुन पर कर्मचारी समर्थक थिरकने लगे। आतिशबाजी हुई और फूल मालाओं से खुशी का इजहार किया गया। निवार्चन अधिकारी के साथ अन्य अधिकारियों ने भी विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी।

## विपिन पीपरे बने आई टी सैल प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ प्रदेश महाप्रबंध समिति अनुसंशा पर प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा एवं प्रदेश आई टी सैल प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजय दुबे द्वारा आई टी सैल प्रदेश समिति का गठन किया गया जिसमे जबलपुर संभाग के कार्यकारी संभागीय अध्यक्ष श्री विपिन पीपरे जी को आई टी सैल प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया जिसमें संघ के कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। संभागीय संरक्षक रामकुमार मेहरा, संघ के प्रांतीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष रवीकांत दहायत , संभागीय महामंत्री सहदेव रजक संभागीय सचिव महेन्द्र साहू समागीय कोषाध्यक्ष संजय रजक, राजेन्द्र चतुर्वेदी प्रमोद कुमार, विजय यादव, रविन्द्र राय, प्रेम नारायण ठाकुर, धीरज ठाकुर, समर सिंह ठाकुर, माग्रेट जोसफ अंजली कनोजिया, सुरेश बाल्मीक, पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।



### अधिवक्ता मनीष तिवारी का कलेक्टर से आग्रह

## मेरे तीन मंजिला भवन में खोल लें कोविड केयर सेंटर

जबलपुर । एमपी स्टेट बार कौंसिल के को-चेयरमैन व हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के सचिव अधिवक्ता मनीष तिवारी ने जबलपुर के कलेक्टर कर्मवीर शर्मा से कहा है कि वे चाहें तो उनके तीन मंजिला भवन का इस्तेमाल कोविड केयर सेंटर खोलने के लिए कर सकते हैं। यहां अधिवक्ताओं व उनके परिवार के सदस्यों को कोरोना का इलाज मुहैया कराया जा सकेगा। यदि जिला प्रशासन प्रस्ताव को मंजूर करता है, तो अधिवक्ताओं के इलाज के लिए एम्बुलेंस, व्हील-चेयर, आक्सीजन सिलिंडर, ई-रिक्शा के अलावा दवाओं आदि की व्यवस्था भी उनकी ओर से की जाएगी। पूर्व में भी व्यापक समाजहित में इस तरह की सौगातें प्रतिवर्ष पितृ-स्मृति में दी जाती हैं। अधिवक्ता मनीष तिवारी ने बताया कि उन्होंने अपने पिता अधिवक्ता स्व.पीएस तिवारी की स्मृति में निवास के पास ही एक नया तीन मंजिला भवन तैयार कराया है। वह फिलहाल खाली पड़ा है। लिहाजा, स्व.पीएस तिवारी भवन का कोविड केयर सेंटर के रूप में सदुपयोग हो। कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी जब चाहें तब तीन मंजिला भवन की चाबियां हासिल कर लें। निश्शुल्क कोविड केयर सेंटर खोलने उनकी ओर से पूर्व सहमति है। मंगलवार को ज्ञापन सौंपने वालों में जिला बार सचिव राजेश तिवारी, अधिवक्ता रघुवर प्रजापति, नीतिराज शर्मा, प्रदीप परसाई बाबा सहित अन्य शामिल रहे।



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनीष दुबे के निवास पहुँचे वीडी शर्मा



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष वी.डी.शर्मा मनीष दुबे के निवास पहुँचकर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व ज़िला अध्यक्ष स्व.पंडित भूपेन्द्र दुबे जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर परिजनों को सांत्वना प्रदान की आपके साथ पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिलाष पांडे ,अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा आदि रहे ।

## चिहुटा गांव में आजादी के बाद से अब तक सड़क नहीं बनी

# मरीजों को कंधे में टांग कर मुख्य मार्ग तक पहुंचते हैं ग्रामीण






### ग्रामीणों ने लिया संकल्प रोड नहीं तो वोट नहीं

*जबलपुर यश भारत। जिले की पाटन तहसील के अंतर्गत आने वाले चिहुटा गांव में आजादी के बाद से अब तक सड़क नहीं बनी। ऐसा ही नहीं इस गांव में किसी की तबीयत खराब हो जाए तो कोई भी वाहन नहीं पहुंच सकता यहां से मरीजों को कंधे में लटका कर उसे उपचार के लिए लाया जाता है बरसात के चार महीनों में यहां के लोग गांव से बाहर नहीं निकल पाते क्योंकि मुख्य सड़क तक पहुंचने से पहले उन्हें करीब एक किलोमीटर तक दलदल से निकलना पड़ता है। यदि मरीज को अस्पताल ले जाना हो तो चारपाई पर लिटकर ले जाना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर पाटन रोड स्टेट हाईवे 15 से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम चिहुटा(ग्राम पंचायत आगासोद) आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में कच्ची सड़क की समस्या से जूझ रहा है। बारिश के समय स्कूल के बच्चे गिरते - पड़ते स्कूल पहुंचते हैं ।इस समय रिश्तेदार मित्र भी गांव में आने से बचते हैं फिर चाहे मौका कोई भी हो। धान की रोपाई निदाई के लिए दूसरे गांवों से कीचड़ में पैदल चलकर आने वाली लेबर ज्यादा मजदूरी मांगती है, जो देना भी पड़ता है ।रोजी रोटी की तलाश में निकले ग्रामीण जब अंधेरे में इस रास्ते वापस आते हैं तो राह और कठिन हो जाती है। फिसल कर चोटिल होने की घटनाएं और गाडियों मैं टूट-फूट आम बात हो जाती है ।ऐसे में मरीजों/ गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक ले जाना काफी चुनौतीपूर्ण कार्य हो जाता है क्योंकि एंबुलेंस यहां तक नहीं पहुंच पाती।

### जागरूक युवाओं ने अनेकों बार की है मांग

इस गांव में मार्ग की समस्या को लेकर गांव के जागरूक लोगो द्वारा संबंधितों मार्ग की समस्या को लेकर अपनी गुहार लगाते रहे किंतु आज तक कोई भी अधिकारी ग्रामीणों की इस जटिल समस्या को हल करने में नाकाम ही साबित रहे जिससे यह समस्या ग्रामीणों के सामने आज भी यथावत है ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के समय पर जनप्रतिनिधि यहां वोट मांगने आते हैं जिससे उनको ग्रामीणों द्वारा रोड बनाने की मांग को लेकर वर्षों से यह मांग करते आ रहे हैं किंतु हालात यह है कि आज तक इस जटिल समस्या का निदान नहीं हुआ है जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है इस समस्या को हल करने हेतु आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि जिम्मेदार अधिकारी द्वारा रुचि नहीं दिखाई गई ।

### इन्होंने व्यक्त किया आक्रोश

चिहुटा गांव तक पहुंच मार्ग न होने के कारण ग्राम के गायत्री नारायण सिंह ,हर प्रसाद तिवारी ,अनिल पाठक, दयाशंकर तिवारी, शिवपाल सिंह, पहलाद सिंह ,अजय पाठक , गोकुल सिंह,राजू तिवारी, भानु सिंह, राम पटेल, जय यादव, अमित पाठक, सुभाष सिंह, रुपेश पांडे ,सुरेंद्र यादव, निखिलेश पटेल ,उत्तम तिवारी, आलोक पाठक, अंकित तिवारी ,रामसेवक पटेलआदि समस्त ग्राम वासियों ने जब तक पक्की रोड नहीं, तब तक कोई वोट नहीं के नारी के साथ आगामी सभी चुनावो के बहिष्कार का संकल्प ले लिया है ।प्रशासन यदि जल्दी नहीं चेता तो ग्रामवासी चक्का जाम जैसे आंदोलन करने बाध्य होंगे।

## माँ नर्मदा माघ महोत्सव प्रारम्भ



**जबलपुर।** ग्वारीघाट में माघ मास कल्पवास 18 जनवरी से शुरू हुआ जो 16 फ़रवरी तक विभिन्न आयोजन एवं पूजन कोरोंना प्रोटोकाल का पालन करते हुए किए जावेगे ,मॉंनर्मदा माघ महोत्सव आज माँ नर्मदा पूजन के साथ प्रारम्भ हुआ। साध्वी शिरोमणि राजीव कुमार महा प्रबंधक जी आइ एफ अनिल शुक्ला ,नीरज पटेरिया प्रकाश दुबे गोविन्दा यादव अतुल अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे ।

ग्रीन बिल्डिंग को बनाने में एक सशक्त कदम

# पमरे के सोगरिया स्टेशन में ग्रीन टॉवर वैगन शेड तैयार



**जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेलवे द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिये हरित पहल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी श्रंखला में पश्चिम मध्य रेल में भी पर्यावरण संरक्षण के लिये हरित पहल के तहत ग्रीन बिल्डिंगों के निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल के कोटा मण्डल में सोगरिया स्टेशन पर ग्रीन टॉवर वैगन शेड तैयार किया गया है। इस ग्रीन टॉवर वैगन शेड को पूर्णतः पर्यावरण के अनुकूल बिल्डिंग को डिजाइन किया गया है। केन्द्र सरकार ने ग्रीन बिल्डिंग के निर्माण के लिए पाँच स्टैंडर्ड मानक तय किये हैं जिसके अंतर्गत लैंड स्केप, आर्किटेक्चर एनर्जी, वॉटर एंड वेस्ट, मैटेरियल एवं लाइफ स्टाइल मुख्य है। इसके मुताबिक निर्माण पर ही रैंकिंग दी जाती है। पमरे इन सभी मानकों का पालन करते हुए निर्माण का कार्य किया गया है जो कि पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। पश्चिम मध्य रेल में शत प्रतिशत विघुतीकृत हो चुका है। जिसमें ओएचई लाईन का अनुरक्षण टॉवर वैगनों से किया जाता है। इन टॉवर वैगनों के संरक्षण के लिए टॉवर वैगन शेड का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोगरिया स्टेशन का ग्रीन टॉवर वैगन शेड तैयार हो गया है और इसके साथ ही साथ बारां स्टेशन में भी ग्रीन टॉवर शेड का निर्माण किया जा रहा है।

## ऑनलाइन परीक्षा की मांग को लेकर एनएसयूआई ने मांगा कमलनाथ का समर्थन

**जबलपुर।** बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए मध्य प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में चल रही भौतिक परीक्षाओं को स्थगित करने एवं ऑनलाइन कराए जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई कि राष्ट्रीय समन्वय देवकी पटेल के नेतृत्व में एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी से मिलकर छात्रों की समस्या से अवगत कराते हुए मांग की शासन से बात कर मध्यप्रदेश में होने वाली परीक्षाओं को ऑनलाइन पद्धति से आयोजित करवाई जाए। एनएसयूआई की राष्ट्रीय समन्वयक देवकी पटेल ने बताया कि प्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए एनएसयूआई द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन ज्ञापन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार से ऑनलाइन एग्जाम कराए जाने की मांग की जा रही है लेकिन सरकार द्वारा छात्रों के स्वास्थ्य को लेकर दिखाई जा रही लापरवाही के कारण लाखो छात्रों की जान पर बन आई है। जिसे देखते हुए एनएसयूआई लगातार जनप्रतिनिधियों से ऑनलाइन पद्धति से एग्जाम कराए जाने पर समर्थन हासिल कर रही है इसी कड़ी में आज पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी से मिलकर छात्रों की समस्या से अवगत करा कर मांग की के वह मध्य प्रदेश की सरकार से इस संबंध में बात कर छात्रों की समस्याओं का निराकरण कराए।एनएसयूआई के प्रतिनिधि मंडल में सागर शुक्ला, अदनान अंसारी, अपूर्व केसरवानी,शफी खान, शाहनवाज अंसारी, वाजिद अनवर, तानिया गौतम, कौशिकी, आदि छात्र शामिल रहे।



## ofk में दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को छूट

### आदेश आवेदन देने पर उन्हें वर्क फ्राम होम माना जाएगा

यशभारत खबर का असर

जबलपुर,यशभारत। कोरोना की तीसरी लहर के चलते केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने शुरुआती दौर में ही कोरोना संक्रमण ने सरकारी संस्थानों और सरकारी उपक्रमों को लेकर गाइड लाइन जारी कर दी थी।जिसमें ड्यूटी के दौरान सावधानियां बरतने के निर्देश जारी किए थे।डिजिटल हाजिरी मे छूट के साथ दिव्यांग और गर्भवती महिला कर्मचारियों को ड्यूटी पर मानते हुए वर्क फ्राम होम के निर्देश दिये थे।जिसका अनुपालन व्हीकल फैक्ट्री और जी आई एफ मे करते हुए आदेश जारी कर दिये गये थे।लेकिन खमरिया और जीसीएफ मे इसका अनुपालन नहीं हो रहा था।खमरिया प्रबंधन से इस संबंध में जानकारी चाहने पर फैक्ट्री एक्ट और सिविल प्रशासन के निर्देशों का हवाला दिया गया। इस संबंध में समाचार प्रकाशित के बाद शाम को दिव्यांग और गर्भवती महिला कर्मियों के लिए आदेश तो जारी कर दिये।लेकिन शर्त जोड़ दी गई कि उक्त संबंध में आवेदन मिलने के बाद सक्षम अधिकारी निर्णय लेंगे ।




#### जीसीएफ मे भी मिली छूट

यशभारत में समाचार प्रकाशन के बाद जीसीएफ श्रमिक संघ के महामंत्री राकेश रजक ने भी यूनियन की ओर से महाप्रबंधक को पत्र लिख कर मांग की थी।जिसमें गर्भवती महिला कर्मचारियों और दिव्यांगों को संक्रमण से बचाव के लिए डीओपीटी के निर्देश का हवाला देते हुए उनके लिए भी वर्क फ्राम होम की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।जिसको जीसीएफ प्रबंधन ने तत्काल स्वीकार करते हुए कहा कि जो भी दिव्यांग और महिला पात्र हैं वे आवेदन देकर वर्क फ्राम होम हो सकते हैं।

## शासकीय आयुर्वेद कॉलेज में हुआ 245 बच्चों का स्वर्ण प्राशन

**जबलपुर।** बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर उनको विविध रोगों से बचाने एवं उनके बेहतर शारिरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर से बचाव और नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नवजात शिशु से लेकर 16 वर्ष तक के 245 बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार मंगलवार को शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में संपन्न हुआ। इस दौरान संस्था के प्रधानाचार्य डॉ. एल.एल. अहिरवाल के निर्देशन में शिशु एवं बालरोग विभाग के डॉ. गीता पाण्डेय एवं डॉ. सुनील कुमार जैन के द्वारा बच्चों का परीक्षण कर उन्हें स्वर्ण बिन्दु के रूप में स्वर्ण भस्म, गौ घृत एवं शहद पिलाया गया। स्वर्ण बिन्दु की प्रत्येक बूंद में 1.6 मिली ग्राम स्वर्ण भस्म है। बालकों की आयु के अनुसार उनको अलग-अलग मात्रा में स्वर्ण बिन्दु पिलाया जाता है।प्रधानाचार्य डॉ. अहिरवाल ने बताया कि यह स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम संस्था में फरवरी 2014 से निरंतर चल रहा है। अभिभावकों का कहना है कि जबसे हम अपने बच्चे का स्वर्ण प्राशन करा रहे है तब से हमे यह विशेष लाभ दिखा कि हमारे बच्चे बीमार नही पड़ रहे हैं कई बालक जो मानसिक रूप से तथा जिनकी याददस्त भी कमजोर है उनमें भी अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे है। यह बालकों के वर्ण को भी निखारता है, पाचन सुधारता है एवं हाईट तथा हेल्थ दोनों के लिए बेहतर होता है।




## कौशल विकास संचालनालय अधिकारी विहीन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि जबलपुर शहर में स्थित संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण के नाम का विभागाध्यक्ष कार्यालय कौशल विकास संचालनालय अधिकारी विहीन है । क्योंकि कौशल विकास संचालनालय के अधिकारी सालों से मुख्यालय जबलपुर में अनुपस्थित हैं एवं भोपाल के वातानुकूलित कक्ष में बैठकर नित नए आदेश पारित करते रहते हैं। सभी कार्यों का संचालन जबलपुर स्थित मुख्यालय से होता है परंतु यह अधिकारी कभी भी जबलपुर आकर कौशल विकास संचालनालय की सुध नहीं लेते क्योंकि यहां अनुपस्थित होने के बावजूद इनका वेतन आहरित होता रहता है जिस वजह से यह निश्चिंत हैं । संघ ने आगे बताया कि जब से कौशल विकास संचालनालय की स्थापना जबलपुर में हुई है तब से यह कार्यालय अधिकारी विहीन है। क्योंकि अधिकारी भोपाल में बैठे हैं और उनकी मंशा कौशल विकास संचालनालय भोपाल ले जाने की है जिसका विरोध कौशल विकास के कर्मचारियों द्वारा, जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जा चुका है। साथ ही न्यायालयीन आदेश हो जाने के बावजूद भी अधिकारी कौशल विकास संचालनालय जबलपुर आने को तैयार नहीं है । जैसा की विदित है कि साल के दो बड़े राष्ट्रीय त्योहार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन भी यह अधिकारी मुख्यालय में उपस्थित नहीं होते जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन , आर पी खनाल, विनोद सिंह, राकेश श्रीवास, एनोस विक्टर, गोपीसाह, शरीफ अंसारी, फिलिप अंथोनी, रॉबर्ट फ्रांसिस, रऊफ खान, सुनील झारिया, सतीश त्रिपाठी , आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि भोपाल में बैठे कौशल विकास संचालनालय जबलपुर के अधिकारियों को वापस भेजा जाए।

## कुशाभाउ ने जिस संगठन को खड़ा किया उसका विस्तार का हमारा दायित्व : शर्मा

**जबलपुर। हमारे पितृ पुरुष स्व. कुशाभाउ ठाकरे जी का जन्मशताब्दी वर्ष हम मना रहे है और उन्होंने प्रदेश ही नही पूरे देश में जिस संगठन को खड़ा किया उसका विस्तार का दायित्व भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का है और इस हेतु बूथ विस्तारक योजना एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा।**

भाजपा की बूथ विस्तारक विधानसभा प्रशिक्षक संभागीय कार्यशाला





यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साँसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने जबलपुर संभाग की बूथ विस्तारक विधानसभा प्रशिक्षक संभागीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा कार्यालय रानीताल में कही। संभागीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा भाजपा मप्र के संगठन की पूरे देश में अलग पहचान है और इस संगठन को खड़ा करने में अमिट योगदान स्व ठाकरे जी का रहा है इस योगदान को आज की पीढ़ी तक पहुँछचाने का कार्य हमे करना है। श्री शर्मा ने कहा ठाकरे जी ने अपना एक एक पल संगठन के विस्तार में लगाया और हम उनके कार्य को आगे ब?ते हुए बूथ तक संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ विस्तारकों के माध्यम से अपने कार्य को गति देंगे। आने वाले 10 दिनों में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथों में होगा और बूथ में करने वाले करणीय कार्यो को संपादित करेगा साथ ही आज की कार्यशाला में आईटी विभाग द्वारा जो प्रजेंटेशन दिया गया उसे भी समझते हुए सभी को पार्टी द्वारा लांच किए गए एप्प संगठन में आवश्यक जानकारी को भेजना है और इसी के साथ ही मैन्युल भी बूथ समिति को पंजीबद्ध करना है।

## हर बूथ में 51 प्रतिशत वोट शेयर भाजपा का कारण है -मुरलीधर राव

भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री पी मुरलीधर राव ने कहा हमारी पार्टी का वोट शेयर अभी 40 प्रतिशत है और इसे हमे 11 प्रतिशत बढ़ाते हुए 51 प्रतिशत करना है और हम यदि हर बूथ में 51 प्रतिशत वोट पाने में सफल हो गए तो आने वाले समय मे हमे कोई नही हरा सकता है और इसके लिए यह बूथ विस्तारक योजना महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आने वाले 10 दिनों में मप्र में 20 हजार कार्यकर्ता 100 घंटे देकर कुल 20 लाख घण्टे बूथ पर देंगे यह अपने आप मे एक रिकॉर्ड होगा और इससे हमारा संगठन का विस्तार होगा। स्वागत उद्बोधन जिला प्रभारी श्री वीरेंद्र गुप्ता एवँ संचालन महामंत्री रजनीश यादव ने किया।संभागीय कार्यशाला में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, प्रभात साहू, आनंद बर्नार्ड, डॉ जितेंद्र जामदार, अभिलाष पांडे, शरद अग्रवाल, अश्वनी परांजपे, प्रशांत तिवारी के साथ जबलपुर संभाग के सभी जिलों से जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला कार्यालय मंत्री, जिला आईटी प्रभारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी एवँ विधानसभा प्रशिक्षक उपस्थित थे।

### अंसार नगर में निःशुल्क मास्क एवं सेनेटाइजर वितरित

**जबलपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी के मार्गदर्शन में अवामी फलाह सोसायटी द्वारा अंसार नगर रद्दी चौकी क्षेत्र में गरीब एवं मजदूरों की बस्ती में निःशुल्क मास्क एवं सेनेटाइजर का वितरण किया गया। इस दौरान रेडक्रास सोसायटी के सदस्य एवं डिविजनल वार्डन सुनील गर्ग सहित सोसायटी के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### मातृशक्ति महिला मंडल का स्थापना दिवस



**जबलपुर।** मातृशक्ति महिला मंडल द्वारा ग्रुप को 3 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस एवं नव वर्ष मिलन समारोह अग्रवाल बारात घर बल्देव बाग में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रीति सक्सेना जी ऊर्जा हेल्प डेस्क प्रभारी वर्षा जी एवं स्वर्णशिला जी एवं मातृशक्ति महिला मण्डल की अध्यक्ष अनुराधा सोंधिया, मंजू वर्मा, सुनीता पटेल, धारणा कश्यप, रूबी पटेल, आरती सोंधिया, शौमपा शाह, मनी पटेल, विजेता बाथौ, रामकली पटेल, कविता रैकवार, मैघा रैकवार आदि सदस्यों ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

## रक्तदान में हो युवाओं की अहम भूमिका : वैभव पवार

**विवेकनंद जयंती पर आयोजित युवा सप्ताह में युवा मोर्चा ने किया रक्तदान एवं योग शिविर का आयोजन**

**जबलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जबलपुर महानगर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित युवा सप्ताह के अंतर्गत रक्तदान एवं योग शिविर का आयोजन युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। रक्तदान शिविर में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार विशेष रूप से उपस्थित हुए। युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व की मंशानुरूप युवा मोर्चा जबलपुर महानगर ने आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया है जिसमें अनेकों युवाओं ने रक्तदान करके अपना योगदान दिया। सुबह शांतम प्रज्ञा आश्रम में योग ,व्यायाम, एवं सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें युवाओं द्वारा योग, व्यायाम, सूर्य नमस्कार कर नशा मुक्त होकर स्वस्थ जीवन जीने का संकल्प लिया गया और कार्यक्रम प्रभारी राहुल कपूर , सहप्रभारी संदीप यादव द्वारा आश्रम संचालक मुकेश कुमार सेन का सम्मान किया गया।इस अवसर पर शिवम तिवारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री विवेक शर्मा, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अंकित आर्य, जय रोहाणी, अतुल दुबे, रवि शर्मा, योगेश बिलोहा, राज भटनागर, टीटू सोनकर, राहुल कपूर, अर्णव तिवारी, लीविश पटेल, अभिषेक पॉल, रौनक अग्रवाल, अनिकेत चौरसिया, आकाश गुप्ता, प्रतीक पांडे, ईशान नायक, अर्जुन रजक, शानू दुबे, किशन लालवानी, अकील अहमद, रवि वासवानी, आशु रजक, सपन यादव, मोहित चौबे, रविंद्र तिवारी, मोनू पटेल, रितिक यादव, सचिन यादव, संचित सराफ, मयंक मिश्रा, गौरव मांझी, उमंग सोनी, अभिषेक बासल, हेमंत साहू, पीयूष समदडिया, अनमोल वाजपेयी, युवराज सिंह, भूपेंद्र यादव, अंकित फ्रांसिस, शिवा रैकवार, अभिषेक जायसवाल, शुभम रजक, ऋषभ दास आदि उपस्थित थे।

## कृषि मंत्री ने जगदगुरू राघवदेवाचार्य से लिया आशीर्वाद



जबलपुर,। प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटैल ने आज जबलपुर प्रवास के दौरान जगदगुरू स्वामी राघवदेवाचार्य जी महाराज के दर्शन किये तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री पटैल अदिति लॉन सगड़ा में आयोजित जगदगुरू स्वामी राघदेवाचार्य जी के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने गौ माता की पूजा की तथा अदिति लॉन परिसर में पौधा भी रोपा। कार्यक्रम में मुरलीधर राव, पूर्व मंत्री शरद जैन, श्री शरद तिवारी भी मौजूद थे।

### खाली प्लॉटों एवं खुली जगहों पर गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही

**जबलपुर।** खाली प्लॉट और खुली जगहों में कचरा फेंक कर गंदगी करने वालों के विरुद्ध अब नगर निगम के द्वारा निरंतर अभियान चलाकर उनके विरुद्ध जुर्माना एवं चालानी कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त वेदप्रकाश चौधरी ने सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल जैन, सुनील गुजराती, के.के. दुबे, अनिल बारी, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक श्रीमती हर्षा पटैल, प्रितेश मसोड़कर, सुश्री अगस्ते, अनिल मिश्रा, और धर्मेन्द्रराज के साथ खुली जगहों पर कचरा फैंकने वाले एवं भूमि स्वामियों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की जाकर 8 हजार से अधिक की राशि का जर्माना लगाया।

## राज्य शिक्षा केन्द्र बन्द करने की मांग

**जबलपुर ।** म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के शिक्षक अध्यापक प्रकोष्ठ के प्रांताध्यक्ष मुकेश सिंह ने एक बयान में बताया की मध्यप्रदेश शासन द्वारा विगत 20 वर्षो से चलाई जा रही दोहरी लाल फिताशाही से शिक्षक परेशान हैं , शासन द्वारा राज्य शिक्षा केन्द्र , जिला शिक्षा केन्द्र , जनपद शिक्षा केन्द्र के माध्यम से प्रदेश के हजारों शिक्षक , व्याख्याता , हाईस्कूल प्राचार्य एवं हायर सेकेण्डरी प्राचार्यो को शिक्षा की मुख्य धारा से दूर कर जनशिक्षक , बी . ए . सी . ए.पी.सी. बी.आर.सी एवं डी.पी.सी जैसे सैक?ों पदों पर हजारों लोगों को प्रतिनियुक्ति पर रखकर शिक्षा विभाग की व्यवस्थायें चरमरा दी गई है , जहां एक ओर शालाओं में शिक्षकों की कमी है वहीं हजारों लोगों को प्रतिनियुक्ति पर लेकर शिक्षा की गुणवत्ता को खराब किया जा रहा है । शासन द्वारा चलाई जा रही दोहरी प्रणाली से जहां एक ओर करोडों रूपये खर्च हो रहे हैं वहीं इसका लाभ छात्रों को नहीं मिल पा रहा है । आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र एवं आयुक्त लोक शिक्षण का आपसी समन्वय न होने के कारण दोनों विभागों द्वारा पृथक - पृथक आदेश जारी किये जाते हैं जिससे शिक्षक अनावश्यक ही परेशान होते हैं । संघ के मुकेश सिंह , आलोक अग्निहोत्री , मनीष चौबे , नितिन अग्रवाल , गगन चौबे , योगेन्द्र मिश्रा , प्रणव साहू , मनोज सेन , शुभसंदेश सिंगौर , अनुज दीक्षित , मनीष लोहिया , श्यामनारायण तिवारी , राकेश उपाध्याय , संजय श्रीवास्तव , विजय तिवारी , राकेश दुबे , गणेश उपाध्याय , जे.पी. गुप्ता , राकेश पाण्डे अभिषेक मिश्रा , मनीष शुक्ला , विनय नामदेव , पवन ताम्रकार , आदित्य दीक्षित , मो 0 तारिख , धीरेन्द्र सोनी , संतोष तिवारी , रमेश परोहा , नितिन शर्मा , आदि ने स्कूल शिक्षा मंत्री म.प्र . शासन से मांग की है कि शिक्षा विभाग में दोहरी लाल फिताशाही को समाप्त करते हुए कक्षा 1 से 12 तक एकल व्यवस्था प्रणाली लागू की जाये ।

### कर्मचारी हितों से संबंधित मुद्दों पर हुई गहन चर्चा




**निगमयुक्त ने दिया मांगों के जल्द निराकरण का आश्वासन**

**जबलपुर।** तकनीकी अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंडित राम दुबे मध्य प्रदेश नगर निगम नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय संगठन सचिव कपिल दुबे अजाक्स के ईकाई अध्यक्ष राकेश समुंदर मजदूर कांग्रेस कर्मचारी संघ के इकाई अध्यक्ष दिलीप सेन मध्य प्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के इकाई सचिव मुकेश रजक एवं रमेश मिश्रा के द्वारा माननीय आयुक्त महोदय से भेंट की और कर्मचारी हितों पर मांग रखी जिन मांगों पर 16 बिंदु पर आयुक्त महोदय द्वारा यह कहते हुए कि ये निगम आयुक्त के दायित्व हैं हमारी मांगों को जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया। राजस्व के कर्मचारी शनिवार के दिन शिविर में रहेंगे लेकिन उनकी सैनिटाइजर और मास्क की व्यवस्था और कोरोना वायरस के नियमों का पालन किए जाने की व्यवस्था की जाएगी , रविवार के दिन कर्मचारी को कुछ सफलता मिलेगी जिन कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया है ,जिन्हें सस्पेंड कर दिया गया है, उन समस्त कर्मचारियों को कार्य पूर्ण होते ही बहाल कर दिया जाएगा और जो को ही पेमेंट भी उन्हें तत्काल की जाएगी ऐसा आश्वासन आयुक्त महोदय ने दिया। 18 कर्मचारियों की विभागीय जांच शीघ्र पूर्ण होगी ,29 कर्मचारियों का विनियमितीकरण होगा, कोई भी सीनियर किसी जूनियर के अधीनस्थ कार्य नहीं करेगा इन सब मांगों को भी शीघ्र पूर्ण किया जाएगा ऐसा आश्वासन आयुक्त ने दिया है।

## राजस्व वसूली अभियान में वार्ड सुपरवाईजरों की भी लगाई डयूटी

**जबलपुर।** वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु संभागवार एवं वार्डवार निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व वसूली अभियान की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने पाया कि लक्ष्य प्राप्ति हेतु अब समय काफी कम बचा हुआ है। इसलिए उन्होंने बैठक में सर्वप्रथम सम्पत्तिकर जलकर, और घर घर से कचरा एकत्रिकरण सुविधा शुल्क राशि जमा करने वाले करदाताओं की जानकारी ली और इसके साथ साथ अभी तक जमा करने वाले करदाताओं के संबंध में भी अधिकारियों से तथ्य के साथ जानकारी प्राप्त की। जानकारी में बताया गया कि वर्तमान में 1 लाख 25 हजार लोगों से 120 करो? की राशि अभी जमा कराया जाना है, अभी तक 1 लाख 9 हजार करदाताओं ने सम्पत्तिकर के रूप में 57 करोड़ की राशि जमा की है। इसी प्रकार जलकर के उपभोक्ताओं से भी राशि वसूल की जाना है और इसके साथ-साथ निगम द्वारा प्रदत्त डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के अंतर्गत आवासीय एवं कामर्शियल क्षेत्रों से भी राशि की वसूली की जानी है। इस पर निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने निर्देशित किया कि कम से कम प्रतिदिन प्रत्येक वार्ड में 20 रसीद सम्पत्तिकर और 20 रसीद जलकर की काटें। इसके लिए उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व वसूली अभियान में जोन प्रभारी के अलावा, संभागीय अधिकारी, संभागीय यंत्री, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, करसंग्रहिता, जल विभाग के उपयंत्री, लाइनमेन और स्वास्थ्य विभाग के वार्ड सुपरवाईजर अपने अपने वार्डो में प्रातः 07 बजे से 10 बजे तक और अपरान्ह 01 बजे से शाम 04 बजे तक भ्रमण कर करदाताओं से घर घर सम्पर्क करते हुए वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करेगें। उन्होंने यह निर्णय निगम हित में वसूली अभियान को और अधिक गति प्रदान करने के संबंध में लिया है। निगमायुक्त श्री वशिष्ठ ने 10 बजे से 01 बजे तक लंच एवं अन्य कार्यो के लिए कर्मचारियों को छूट दी है, शाम 04 बजे के बाद यदि उपरोक्त अधिकारियों कर्मचारियों को संभागीय कार्यालयों में यदि कोई कार्यालयिन कार्य करना हो तो वे कर सकते हैं।

# भोपाल नगर निगम ने 24 घंटे के भीतर बना दिया 50 बिस्तरों का रैन बसेरा

## दीनदयाल रसोई से भोजन सहित सभी आवश्यक प्रबंध कर किया संचालन



**भोपाल।** राजधानी में बढ़ती ठंड को देखते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार रात रैन बसेरों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्हें रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के पास कुछ लोग फुटपाथ पर भी लेटे नजर आए थे। इसके चलते उन्होंने भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह के बाहर रात्रि विश्राम के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था करने के आदेश दिए थे। इस आदेश के 24 घंटे के अंदर नगर निगम ने 50 पलंग का अस्थाई रैन बसेरा बनाकर शुरू कर दिया है। रैन बसेरा में रात्रि विश्राम करने वाले नागरिकों को पलंग, गद्दा, तकिया, कंबल, पानी तथा दीनदयाल रसोई से भोजन की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। इतना ही नहीं इस रैन बसेरे में चलित शौचालय की व्यवस्था के अलावा डस्टबिन, अलाव, गमले, सैनेटाइजर, मास्क आदि भी उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही 07 कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी भी लगाई गई है। इधर, नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी ने मंगलवार देर शाम इन रैन बसेरों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को इन बसेरों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त एमपी सिंह भी मौजूद थे।



# वन विहार में बैटरी चलित वाहन सेवा शुरू

### 50 रुपये चुकाकर करें सैर

**भोपाल ।** वन विहार नेशनल पार्क में बैटरी चलित वाहन सेवा की सुविधा मंगलवार से शुरू हो गई है। पर्यटक 50 रुपये चुकाकर वाहनों से एक घंटे तक पार्क की सैर कर सकेंगे। इसके लिए दोनों प्रवेश द्वार से निर्धारित अवधि में बुकिंग कराई जा सकेगी। ये वाहन तीन पहिया व चार पहिया है। जिनमें तीन से लेकर 10 पर्यटक बैठ सकते हैं। यह सुविधा सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक उपलब्ध होगी। पार्क में इस सेवा का शुभारंभ अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) असीम श्रीवास्तव ने किया है। इस अवसर पर पार्क डायरेक्टर एचसी गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर अशोक कुमार जैन व अन्य अधिकारी, पर्यटक मौजूद थे। बता दें कि पार्क के अंदर अभी तक सफारी टूर को छोड़कर प्रबंधन की तरफ से वाहन सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती थी। पर्यटकों को अपने वाहनों से ही प्रवेश करना पड़ता है। प्रबंधन इसका अलग से शुल्क लेता है। अब जिन पर्यटकों के पास खुद के वाहन नहीं है वे भी वाहन से पार्क की सैर कम समय में कर सकेंगे। पर्यटकों को वाहन शुल्क से अलग निर्धारित प्रवेश शुल्क भी चुकाना होगा।

### वन्यप्राणियों को जीने में मदद करेंगे बैटरी चलित वाहन



बैटरी चलित वाहनों से प्रदूषण नहीं फैलता। ये डीजल व पेट्रोल वाहनों की तुलना में बहुत कम आवाज निकलते हैं। यह दोनों ही स्थिति वन्यप्राणियों के लिए लाभप्रद होती है। आमतौर पर डीजल व पेट्रोल वाहनों से निकला धुआं काफी जहरीला होता है जो वन्यप्राणियों के जीवन और रहवास स्थलों पर विपरित असर डालता है इसलिए प्राकृतिक वन क्षेत्रों में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है। वन विहार नेशनल पार्क में भी वाहनों को केवल मुख्य सड़कों पर ही अनुमति है। बाड़े के आसपास हार्न बचाने और शोरगुल पर सख्त पाबंदियां हैं।



# यूपीआइ से भुगतान करने पर रेल किराए में दी जा रही पांच फीसद की छूट

**भोपाल।** यूपीआई से भुगतान करने वाले रेल यात्रियों को मूल किराए में पांच फीसद तक की छूट दी जा रही है। रेलवे के मुख्य स्टेशनों पर यह व्यवस्था पहले से लागू है। अब छोटे स्टेशनों से टिकट खरीदने वाले यात्रियों को इस सुविधा का लाभ दिए जाने की तैयारी है। इन स्टेशनों के आरक्षण काउंटरों पर यूपीआई विकल्प मौजूद है। यात्री आरक्षण टिकट का भुगतान यूपीआई के जरिए कर सकते हैं। बता दें कि रेलवे में डिजिटल भुगतान को पूर्व से बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए भोपाल, रानी कमलापति स्टेशन, संत हिरदाराम नगर, बीना, गुना, इटारसी, हरदा, होशंगाबाद, विदिशा, गंजबासौदा, अशोकनगर, शिवपुरी में पहले से पीओएस मशीनें लगी हैं। यात्री प्लेटफार्म व आरक्षण टिकट खरीदने के बाद पीओएस मशीनों के जरिए डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भी किराए का भुगतान कर सकते हैं।

# ओलावृष्टि का सर्वे पूरा होने के बाद बीमा दिलाने के लिए कृषि विभाग भेजेगा प्रस्ताव



### मध्यप्रदेश के राजस्व मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा- एक सप्ताह में पूरा हो जाएगा काम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में ओलावृष्टि से रबी फसलों को पहुंचे नुकसान का सर्वे पूरा होने के बाद प्रभावित किसानों को 25 प्रतिशत बीमा दिलाने के लिए कृषि विभाग प्रस्ताव भेजेगा। सर्वे का काम जिलों में चल रहा है। इसे पूरा होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। ओलावृष्टि से एक लाख से ज्यादा हेक्टेयर क्षेत्र की फसलों को नुकसान पहुंचा है।

### एक-एक खेत का सर्वे कराया जा रहा

राजस्व मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि एक-एक खेत का सर्वे कराया जा रहा है। सरकार संकट की इस घड़ी में किसान के साथ है और उसे सहायता भी उपलब्ध कराएगी। सर्वे की निष्पक्षता के लिए राजस्व, कृषि और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारियों का संयुक्त दल बनाया गया है। किसानों द्वारा जहां भी फसल को नुकसान पहुंचने की बात कही जा रही है, उसका सर्वे कराया जा रहा है। एक सप्ताह का समय और लग सकता है उन्होंने बताया कि सर्वे होने में एक सप्ताह का समय और लग सकता है। पूरी रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद किसानों के खातों में राहत राशि जमा कराई जाएगी। वहीं, कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि राजस्व विभाग द्वारा प्रभावित किसानों की रिपोर्ट मिलने के बाद बीमा कंपनियों को 25 प्रतिशत बीमा राशि दिलाने के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।

# एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात होगा शिंबा



### बम निरोधक दस्ते में हुआ शामिल

**भोपाल।** राजधानी के राजा भोज एयरपोर्ट के बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्कवाड (बीडीडीएस) में पहली बार एक गोल्ड मेडलिस्ट श्वान शामिल हुआ है। इसका नाम है शिंबा। रांची डाग ट्रेनिंग स्कूल में प्रशिक्षण के दौरान शिंबा को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया था। साथ ही उसकी सराहनीय सूझबूझ के लिए हरफनमौला डाग का खिताब भी दिया गया। गौरतलब है कि एयरपोर्ट पर बीडीडीएस का संचालन सीआइएसएफ द्वारा किया जाता है। इस दस्ते में पहले से तीन खोजी कुत्ते शामिल थे। पिछले दिनों शिंबा को शामिल कर इसे प्रशिक्षण के लिए रांची भेजा गया था। प्रशिक्षण के दौरान शिंबा ने अपनी सूझबूझ और शानदार प्रदर्शन से सबको प्रभावित करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर से 29 श्वानों ने हिस्सा लिया था। मंगलवार को शिंबा अपने हैंडलर आरक्षक सुनील कुमार सिंह एवं तरूण कुमार के साथ भोपाल पहुंचा। एयरपोर्ट डायरेक्टर केएल अग्रवाल, कमांडेंट मानसिंह एवं नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के क्षेत्रीय निदेशक विक्रमसिंह की मौजूदगी में शिंबा को श्वान दस्ते में शामिल किया गया। कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट सुनील विजयकर एवं इंस्पेक्टर केएल कुर्मी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### अफसरों को सलामी देकर किया हैरान

शिंबा ने समारोह के दौरान अफसरों को सलामी देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शिंबा बम एवं संदिग्ध वस्तुओं की खोजबीन करने में माहिर है। लेब्राडोर प्रजाति का शिंबा जब छह माह का था, तब से उसे प्रशिक्षण देना शुरू किया गया था। नतीजा शिंबा देश का सबसे प्रशिक्षित श्वान बन गया है। शिंबा के शामिल होने से एयरपोर्ट की सुरक्षा पहले से अधिक मजबूत हो गई है।

# ...तो आप जिम्मेदार होंगे



### परिवहन मंत्री ने ड्राइवर कंडक्टर से कहा अभी समझाइश दे रहा हूं, अगली बार बस में एक भी यात्री बिना मास्क के मिले तो कार्रवाई होगी

**भोपाल।** अभी समझाइश दे रहा हूं, अगली बार आपकी बस में एक भी यात्री बिना मास्क के मिले तो कड़ी कार्रवाई होगी। इसके जवाबदार आप खुद होंगे। यह दो टूक चेतावनी परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने आइएसबीटी पहुंचकर बसों के ड्राइवर व कंडक्टरों को दी है। वे मंगलवार दोपहर तीन बजे आइएसबीटी पहुंचे थे। उन्होंने यात्रियों को भी कहा कि आपके मास्क नहीं पहनने से अकेले आपकों दिक्कत नहीं होगी, बल्कि बस में बैठे सभी यात्री संक्रमित हो सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आप स्वस्थ्य हैं तो किसी दूसरे की वजह से बीमार पड़ सकते हैं। कोरोना किसी को पहचानकर संक्रमित नहीं करता, बल्कि लापरवाही बरतने वालों को पहले पकड़ता है। मंत्री ने ड्राइवर व कंडक्टर से विशेष सावधानी बरतने को कहा है। बस आपरेटरों को भी कोरोना संक्रमण के नियंत्रण में सहयोग करने के लिए कहा है।

### यात्रियों को पहनाए मास्क

परिवहन मंत्री बस स्टैंड क्षेत्र में करीब पौन घंटे ठहरें। तब तक होशंगाबाद, हरदा, छिंदवाड़ा, विदिशा, रायसेन, सागर, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, नागपुर, अमरावती जाने वाली 25 से अधिक बसों का निरीक्षण किया। बसों में सफर करने वाले यात्रियों से मिले। उन्हें समझाइश दी। ड्राइवर, कंडक्टरों को कोरोना नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कुछ यात्री और उनके बच्चे बिना मास्क के दिखे, जिन्हें मंत्री ने मास्क पहनाए। मंत्री की तरफ से बताया गया कि करीब 100 से अधिक यात्रियों व उनके परिजनों को मास्क का वितरण किया है। मंत्री की तरफ से बताया गया कि वे कोरोना संक्रमण के नियमों का पालन कराने के लिए कभी भी औचक निरीक्षण करेंगे और देखेंगे कि जो निर्देश उन्होंने दिए हैं उसका पालन किया जा रहा है या नही। यदि बसों में कोरोना गाइडलाइनों का पालन नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एलएनसीटी एक्सीलेंस ने चैंपियनशिप जीती



**भोपाल।** एलएनसीटी एक्सीलेंस की खिलाडियों ने लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित आरजीपीवी नोडल ड्राप रोबाल चैंपियनशिप में पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर 14 स्वर्ण व आठ रजत सहिंत कुल 22 पदकों के साथ ओवरआल चैंपियनशिप पर अधिकार जमाया। बंसल मंडीदीप ने 10 रजत व आठ कांस्?य सहित कुल 18 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। पुरुष वर्ग के एकल फाइनल में एक्सीलेंस के नितिन गुप्ता ने एसआईआरटी के पुलकित चौहान को 11-5, 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ट्रिपल पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी के अमन सर्राफ, अतुल प्रकाश एवं ब्रह्मदेव रामजी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रजत पदक बंसल को एवं कांस्य पदक टीआईटी ने जीता। पुरुष डबल वर्ग में स्वर्ण पदक एलएनसीटी, रजत पदक सेम कॉलेज एवं कांस्य पदक जेएनसीटी को मिला। वहीं, महिला वर्ग के एकल फाइनल में एलएनसीटी एक्सीलेंस की कनिष्का मिश्रा ने बंसल कॉलेज की निधि राजपूत को 11-8, 11-9 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महिला ट्रिपल मुकाबले में स्वर्ण पदक एलएनसीटी एक्सीलेंस, रजत पदक जेएनसीटी एवं कांस्य पदक बंसल कालेज को मिला। डबल्स महिला में स्वर्ण पदक एलएनसीटी, रजत पदक जेएनसीटी एवं कांस्य पदक टीआईटी को मिला।



# अतिक्रमण पर लगाम लगाने हर जोन में बनेगी विशेष टीम

**भोपाल।** राजधानी के चौक-चौराहों, सड़कों और बाजारों पर अतिक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। पुराने शहर ही नहीं, नए शहर में भी गुमठियों और ठेलों की भरमार है। शहर के पॉश इलाकों में भी सड़कों के किनारे बाजार सजने लगे हैं। तेजी से बढ़ते अतिक्रमण से निजात पाने के लिए नगर निगम अब जोनवार अतिक्रमण प्रभारियों की अगुवाई में अतिक्रमण रोधी दस्ता बना रहा है। आने वाले दिनों में 19 जोनों में अलग-अलग अतिक्रमण प्रभारियों की अगुवाई में अमला अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा। बता दें कि वर्तमान में शहर से अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी अतिक्रमण अधिकारी कमर साकिब के साथ ही अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान और आकाश मिश्रा के कंधों पर है। नासिर खान को नरेला, गोविंदपुरा और उत्तर विधानसभा की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि आकाश मिश्रा पर दक्षिण-पश्चिम और मध्य विधानसभा की जिम्मेदारी है। ये दोनों सहायक अतिक्रमण प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी कमर साकिब को रिपोर्ट करते हैं। लेकिन आने वाले दिनों में 19 सहायक अतिक्रमण अधिकारी साकिब को रिपोर्ट करेंगे। दरअसल निगम 19 जोनों में अलग-अलग अतिक्रमण प्रभारियों की तैनाती करने जा रहा है।

**जोनों में सहायक अतिक्रमण प्रभारियों की तैनाती की जानकारी मुझे नहीं है। अगर ऐसा होता है तो अतिक्रमण के खिलाफ प्रभारी कार्रवाई की जा सकेगी। इससे अतिक्रमण पर लगाम लग सकेगी।**

**– कमर साकिब, अतिक्रमण अधिकारी, नगर निगम**

### कार्रवाई के बाद भी क्यों नहीं सिमटता अतिक्रमण

वर्तमान में रोजाना तीन टीमें अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई करती हैं। लेकिन अतिक्रमण कम नहीं होता। दरअसल होता ये है कि टीम जहां भी कार्रवाई करती है, वहां दोबारा कार्रवाई 20 से 15 दिन बाद होती है। ऐसे में अतिक्रमण अमले के जाते ही अतिक्रमण दोबारा हो जाता है। अब जब 19 जोनों में अलग-अलग टीम अतिक्रमण होंगी तो दोन के तहत आने वाले बाजारों, सड़कों और चौक-चौराहों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगभग हर हफ्ते में दो से तीन बार हो सकेगी। ऐसे में अतिक्रमण तेजी से नहीं बढ़ेगा।

### एएचओ की तर्ज पर होंगे एईओ

नगर निगम ने साफ-सफाई के लिए प्रत्येक जोन में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी (एएचओ) को नियुक्त किया है। जिनकी जिम्मेदारी है कि वह झाड़ू लगवाने से लेकर नाले नालियों की साफ-सफाई कराएं। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कर कचरा ट्रांसफर स्टेशनों तक पहुंचाएं। इसी तर्ज पर अब निगम जोनों में असिस्टेंट एन्क्रोचमेंट ऑफीसर (एईओ) की तैनाती कर रहा है। इनकी जिम्मेदारी होगी कि वह जोन के तहत आने वाले वार्डों में आने वाले इलाकों से अतिक्रमण हटाएं और दोबारा न होने दें।

# 50 वर्ष से अधिक उम्र के पुलिसकर्मी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नहीं होंगे तैनात



**भोपाल।** कोरोना संक्रमण से पुलिस कर्मियों के बचाव के लिए राजधानी में पुलिस आयुक्त ने मंगलवार को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष के अधिक उम्र के पुलिस कर्मियों को शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में तैनात नहीं किया जाएगा। थाने में आने वाले शिकायतकर्ताओं को सैनिटाइज करने के बाद ही थाना परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार राजधानी पुलिस में 55 से अधिक पुलिस कर्मचारी व अधिकारी कोरोना संक्रमित हो चुके हैं और यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। यही देखते हुए एहतियाती उपायों के तहत पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर ने मंगलवार को नौ बिंदुओं के दिशा निर्देश जारी कर दिए। अब थाने में आने वाले हरेक शिकायतकर्ता या बाहरी व्यक्ति को सैनिटाइज करने के बाद थाना परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए थाना पुलिस पर्याप्त इंतजाम करेगी। इसके अलावा शिकायतकर्ता और पुलिस कर्मी उनकी शिकायत सुनते समय शरीरिक दूरी का पूरा ख्याल रखेंगे। मुंह पर मास्क और हाथ में दस्ताने पहनेंगे। थाना परिसर, हवालात को नगर निगम की मदद से समय-समय पर सैनिटाइज कराया जाएगा। पचास वर्ष की उम्र से अधिक के पुलिस कर्मियों के साथ बीमार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भीड़भाड़ वाले इलाकों में नहीं लगाई जाएगी। यानी रेलवे स्टेशन, अस्पताल, बाजार, एयरपोर्ट पर इनकी तैनात नहीं की जाए। थाना पुलिस समय-समय पर कोविड गाइडलाइन का पालन करने के लिए उद्धघोषणा करवाएगी। पुलिसकर्मचारी व अधिकारी कोरोना गाइडलाइन का पूर्णत- पालन करेंगे। पुलिस आयुक्त का कहना है कि कोरोना की तीसरी लहर में संक्रमण की रफ्तार अधिक है। इसलिए पुलिसकर्मियों को सुरक्षित रहते हुए ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए भोपाल मंडल में मेमू समेत कम दूरी की ट्रेनों में 16 फीसद तक कम हुए यात्री, कुछ दिन बंद हो सकता है परिचालन हैं। ताकि पुलिस कर्मियों को संक्रमण से बचाया जा सके।

# कम्बल और मास्क पाकर खिल उठे वृद्धजनों के चेहरे



**बेलखाडू** /शीतलहर व कड़ाके की ठंड से ठिठुर रहे गरीबों व असहायों को कम्बल वितरण किये गए। कम्बल और मास्क पाकर निराश्रितों व वृद्धजनों के चेहरे खिल उठे ठिठुरन भरी सर्दी व कोरोना को देखते हुए बेलखाडू में डॉक्टर जी आर भगत द्वारा कम्बल व मास्क का वितरण किया गया कम्बल मास्क वितरण की ग्रामीणों ने सराहना की जरुरतमन्द वृद्ध पुरुषों व महिलाओ को कम्बल वितरित किये गए वहीं डॉक्टर भगत द्वारा बेलखाडू चौकी प्रभारी व स्टाफ को मास्क सैनिटाइजर भेंट किए गए इस अवसर पर डॉ विजय मरावी डॉ मालती भगत डॉ विप्रांश भगत रवि पटले विजय प्रजापति मोनू यादव विवेक प्रजापति प्रिंस साहू ज्योति प्यासी रानी कुशवाहा कु,रिंकू सींग राजू वर्मन शुभम बर्मन उपस्थित रहे।

# युवा मोर्चा ने किया रक्तदान



**पाटन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जबलपुर ग्रामीण पाटन मंडल में स्वामी विवेकानंद सप्ताह दिवस 12 जनवरी 18 जनवरी कार्यक्रम के तहत प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पवार जी के आवाहन पर जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल जी के मार्गदर्शन में एवं जिला महामंत्री राजशेखर त्रिपाठी के नेतृत्व में पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया बड़ी संख्या में रक्तदान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित थे मंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोनू सिंह ठाकुर, आदित्य नामदेव,राजवीर सिंह ठाकुर, सुरेंद्र मदन भुर्रक, अभय तिवारी, शिवम शर्मा,पंकज तिवारी,नितिन विश्वकर्मा, ममलेश नेमा, निकल तिवारी।

# सुपर ओवर में जीत कर रीवा का फाइनल में प्रवेश



**कुंडम.बघराजी**- स्थानीय महानियमन मैदान में खेले जा रहे राज्य स्तरीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला रीवा एवं सतना टीम के बीच खेला गया जिसमे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सतना क्रिकेट टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 108 रन बनाए जिसमें हितेश ने 24 रन अमित ने 22 रन प्रवीण 15 आर्यन ने 20 रन बनाए जवाबी पारी खेलने उतरी रीवा क्रिकेट टीम ने भी 6 विकेट खोकर 108 रन बनाए रीवा के बल्लेबाज गौरव पटेल 32 रन कमल ने 20 रन ओंकार 19 रन आनंद 18 रितेश ने 6 रन बनाए इस तरह से मैच सुपर ओवर में चला गया अब इस बात का सतना के गेंदबाज शाश्वत ने दो विकेट दीपक ने दो विकेट अभिलाष हो रितेश ने एक-एक विकेट लिया रीवा के गेंदबाज मनीष ने 3 विकेट अभिषेक ने दो विकेट ओंकार ने एक विकेट लिया मैच सुपर मैं दोनों टीम को एक एक ओवर दिया गया जिसमें रीवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बिना विकेट खोए 15 रन बनाए गौरव रोहित ने 3 रन 5 रन अतिरिक्त के रूप में बने सतना टीम के दोनों ओपनर बल्लेबाज अमित और मयूर बिना खाता खोले जीरो पर आउट हो गए एक मात्र रन बना जो अतिरिक्त के रूप में इस तरह रीवा ने सुपर ओवर में 15 रन से मैच जीत लिया रीवा के गेंदबाज अभिषेक मिश्रा सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी के लिए उन्हें सुपर ओवर में उन्होंने दोनों बल्लेबाजों को खाता नहीं खोलने के लिए सनी स्पोर्टिंग क्लब नगद राशि देकर सम्मानित किया।

राहगीर गरीब को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य का काम

# समाज सेवी संस्था सेवाराम ने कराया भोजन वितरण



**सिहोरा**-भूखे राहगीर गरीब को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य का काम है इस पुण्य को पाने हर व्यक्ति को आगे आना चाहिए यह बात समाज सेवी संस्था सेवाराम के संस्थापक अध्यक्ष सुनील पंजाबी ने मंगलवार को संस्था कार्यालय के सामने आयोजित गरीबों को भोजन वितरण में शामिल समाजसेवियों से कहीं समाजसेवी कैलाश निक्कू पंजाबी के संयोजन में अपने दिवंगत पुत्र अनिकेत वासुदेव के 24 वे जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया इस मौके पर समाजसेवी राजा मोर,विनोद खत्री,सुनील पंजाबी,अशोक खरे,संजय जैन,हरि प्रकाश गुप्ता,पप्पू पंजाबी, सतीश जैन,प्रवीण पटेल,समीर साहू,सुशील विश्वकर्मा शामिल थे सभी ने राहगीर गरीबों को भोजन का वितरण किया दिवंगत के मित्र आयुष दुआ,आयुष सेठी,आयुष मिश्रा,दीपंकर घोष,आंसू पटेल,मनभावन साहू,प्रांजल मिश्रा, श्रेय खत्री,श्रेय वासुदेव ने नगर की गरीब बस्ती पहुंचकर गरीब बच्चों को भोजन का वितरण किया।

# एसपी की स्पेशल टीम फुल एक्शन मोड पर

## 2 साल से फरार दुष्कर्म के आरोपी 30,000 के इनामी को किया गिरफ्तार



**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री अवधेश कुमार गोस्वामी द्वारा महिला संबंधी अपराधों में फरार एवं उद्घोषित फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री मुकेश वैश्य के मार्गदर्शन में सभी थाना प्रभारियों एवं स्पेशल टीम को भी निर्देशित किया गया था। थाना देवलोंद के नाबालिग का अपहरण एवं बलात्कार एवं पास्को एक्ट के प्रकरण में घटना दिनांक 18-1-2020 से आरोपी तरुण कुमार बंसल उर्फ खेलावन बंसल पिता नन्हेलाल बंसल उम्र 24 साल निवासी ग्राम जकिरा टोला हिनौती थाना देवलोंद के विरुद्ध नाबालिग लड़की के अपहरण एवं दुष्कर्म की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी । आरोपी तरुण कुमार बंसल उर्फ खेलावन बंसल घटना दिनांक से ही नाबालिग लड़की को लेकर सकुनत से फरार चल रहा था प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस थाना देवलोंद द्वारा पूर्व में अपहृत नाबालिग लड़की को एक वर्ष पश्चात दिनांक 21-01-2021 को दस्तयाब किया गया था किंतु आरोपी फरार चल रहा था द्य महिला संबंधी अपराधों की महत्वता को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन के द्वारा ?30000 की इनामी घोषणा जारी की गई थी ! एसपी स्पेशल टीम द्वारा लगातार इस प्रकरण पर सूक्ष्म निगाह रखी जाकर तकनीकी विवेचना जारी रखी गई थी जिसमें मुखबीर के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई की आरोपी तरुण कुमार बंसल उर्फ खेलावन बंसल विगत कुछ दिनों से पुणे एवं मुंबई के लंबे समय की फरारी उपरांत अपने जीजा दिवाकर बंसल उर्फ दीपक बंसल के मडवा थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा स्थित निवास पर फरारी काट रहा है प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए प्राप्त निर्देशन में एसपी स्पेशल टीम द्वारा थाना देवबंद के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए आरोपी तरुण कुमार बंसल उर्फ खेलावन बंसल को घटना के 2 वर्ष पश्चात हिरासत में लेकर थाना देवलोंद को सुपुर्द किया गया जहां आरोपी को माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया है ! उल्लेखनीय है कि एसपी की स्पेशल टीम ने पहले स्थाई वारंटी राहुल पासवान को हिरासत में लेकर जयसिंहनगर मे सुपुर्द किया उसके बाद स्पेशल टीम ने दुष्कर्म के प्रकरण में फरार 10000 की इनामी आरोपी रजा मोहम्मद निवासी खैरहा को हिरासत में लिया उसके बाद शहडोल एसपी की स्पेशल टीम ने 2 साल से फरार दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार उक्त आरोपी की गिरफ्तारी में एसपी स्पेशल टीम के सउनि(अ) अमित दीक्षित, आरक्षक गिरीश मिश्रा, अभिषेक दिक्षित और थाना देवलोंद के आरक्षक मुकेश बघेल, हिमवंतचंद्र मिश्रा और दिव्यप्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है !



# कमल पुष्प अभियान के तहत प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने किया स्वामी रामचन्द्रदास को किया सम्मानित

**जबलपुर।** भाजपा प्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव ने जबलपुर प्रवास के दौरान कमल पुष्प अभियान के अंतर्गत भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल के नानाजी स्वामी रामचंद्र जी भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्ण आश्रम में पहुँचकर किया। इस दौरान स्वामी रामचंद्र जी ने बताया कि उन्होंने लंबे समय तक संघ के प्रचारक के नाते कार्य किया है और जनसंघ के 18 जिलों के प्रभारी रहते हुए पं दीनदयाल जी उपाध्याय, स्व. अटल बिहारी बाजपेयी, स्व कुशाभाऊ ठाकरे ,स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता, स्व. श्री प्यारेलाल खंडेलवाल जी के साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ और संगठन को खड़ा करने में योगदान दिया, साथ ही जबलपुर में सुभाष बेनर्जी, बाबूराव परांजपे, भगवतीधर वाजपेयी ,मनोहरराव सहस्त्रबुद्धे , निर्मलचन्द्र जैन चरनजीत साहनी ,जयश्री बैनर्जी ,डॉ के एल जैन ,पुरूषोत्तम संघी, ओंकार प्रसाद तिवारी,ईश्वर दास रोहाणी , चिंतामन साहू ,दीनानाथ मिश्रा , के साथ जु? अनुभवों को साझा किया।इस दौरान श्री शरद अग्रवाल ने मुरलीधर राव को बताया कि स्वामी रामचंद्र जी पहले जनसंघ फिर 20 वर्ष तक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक , उसके पश्चात 20 वर्ष तक हिन्दू संस्कृति का विदेश में प्रचार करने के बाद पिछले 20 वर्षों से संस्कारधानी में नर्मदा तट भे?ाघाट में हरे कृष्णा आश्रम के माध्यम से श्री कृष्ण भक्ति के साथ ही नर्मदा परिक्रमा वासियो की सेवा की जा रही है गऊ शाला की भी संचालन किया जाता है पिछले 11 वर्षो से चलित प्रसादम सेवा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को प्रतिदिन भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी श्री राव को स्वामी रामचंद्र जी ने गोमती चक्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री विधायक श्री शरतेन्दु तिवारी भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ,डॉ शिवशंकर पटेल ,अखिलेश दीक्षित राजेन्द्र चौधरी ,रुद्र प्रताप सिंह, विशाल दत्त, टिंकल शाह, श्याम मनोहर पटेल उपस्थित थे।

## नगरीय निकायों में सीएमओ कर रहे सफाई कार्य की मॉनीटरिंग

**नरसिंहपुर यभाप्र।** स्वच्छ भारत अभियान की परिकल्पना को साकार करने कलेक्टर रोहित सिंह के निर्देश पर जिले के सभी नगरीय निकायों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं टीम द्वारा स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रात: अपने- अपने वार्डों का भ्रमण कर साफ- सफाई कार्य का जायजा ले रहे हैं। विदित है कि कलेक्टर रोहित सिंह द्वारा सभी सीएमओ को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की व्यापक तैयारियों के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि सभी नगरीय निकाय स्वच्छ भारत अभियान के तहत मानकों में बेहतर स्थान प्राप्त कर सकें।

# शिक्षकों को मिला क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ

## जिला शिक्षा अधिकारी की शिक्षकों के हित में सराहनीय

**गाडरवारा यभाप्र।** जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन ने शिक्षकों के हित में सराहनीय पहल करते हुए नियमित शिक्षको को क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया है। इस संबंध में डीईओ द्वारा गठित जिला मीडिया दल के सदस्य मधुसूदन पटैल ने बताया की गत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जिले के 24 शिक्षकों को 24 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण होने के उपरांत विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान एवं 125 शिक्षको को 30 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण होने पर तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ देते हुए उनके आदेश जारी किए गए।

द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ जिन्हें दिया गया है उनमें साईंखेड़ा ब्लॉक से सहायक शिक्षक शिखा श्रीवास्तव, अनीता सोनी, सिराज अहमद सिद्दिकी, रघुवीर प्रसाद नागवंशी, अनिल पटैल, प्रकाशचन्द नामदेव एवं चीचली ब्लॉक से मुन्नालाल वर्मा, हरिशंकर ठाकुर, मुन्नीलाल वर्मा आदि शामिल है। इसके अलावा नरसिंहपुर ब्लॉक के 5, करेली ब्लॉक के 6, चावरपाठा ब्लॉक के एक एवं गोटेगांव ब्लॉक के 3 शिक्षको को भी लाभ दिया गया है। तृतीय क्रमोन्नति का लाभ जिन्हें दिया गया है उनमें साईंखेड़ा ब्लॉक से सहायक शिक्षक गजेंद्र कौरव, भगवत सिंह कौरव, मदन पटेल, राजकुमार शुक्ला, अहिल्या उइके, पूनमचंद दुब, भगवान सिंह राजपूत, राजेश सिंह पटैल, सुरेन्द्र कोरी, लालसाहब पटैल, प्रहलाद दास महंत एवं चीचली ब्लॉक से देवेंद्र पटेल, पुष्पा वर्मा, सुंदर लाल कौरव, रमेश कौरव, गणेश कौरव, ईश्वती धुर्वे, अंजना राजपूत, अजीत कौरव, शंकरपॉल सिंह राजपूत, रामेश्वरदयाल कौरव, गुरुदयाल राय, भीकम लाल कौरव, दलगंजन कौरव, नारायण कौरव, बाबूलाल कौरव आदि शामिल है। इनके अलावा चांवरपाठा, करेली, गोटेगांव एवं नरसिंहपुर ब्लॉक के अनेक सहायक शिक्षको को भी तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षको के हित मे त्वरित निर्णय लेकर उन्हें क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ देने की शिक्षको द्वारा सर्वत्र सराहना की जा रही है।

## चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** श्री हरिहर भोले भगवान छोटे दादा जी महाराज की आज्ञानुसार दादा दरबार खंडवा में धूनी वाले दादा की समाधि एवं धूनी स्थल पर 84 खंबों का सफेद संगमरमर पत्थर से प्रसाशन की निगरानी में भव्य मंदिर निर्माण हेतु श्री शूलपाणेश्वर खमरिया कुटी भक्त मंडल एवं छोटे दादा महाराज शिष्य मंडली द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। हस्ताक्षर अभियान के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा अपने नाम पते मो. नंबर सहित दादा दरवार में 24 खंवों का मंदिर निर्माण प्रशासन की निगरानी में बनाये जाने का समर्थन एवं मांग की जा रही है।

# कोरोनाकाल में सेवाएं दे रहे शिक्षक



**गाडरवारा यभाप्र।** समूचे जिले सहित क्षेत्र में कोविड 19 के बढ़ते संक्रमण के चलते स्कूल बंद होने की स्तिथि में शिक्षकों की सेवाएं पुन: स्थानीय प्रशासन ने लेना शुरू कर दी है। प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की जांच में शिक्षकों को भी अन्य कर्मचारियों के साथ तैनात किया है वही फीवर क्लिनिक, कंट्रोल रूम एवं झिकौली चेक पोस्ट पर भी शिक्षकों ने सेवाएं देना शुरू कर दी है। क्षेत्र की झिकौली चैक पोस्ट पर प्राथमिक शिक्षक ओमपाल राजपूत, देवेंद्र सैदाम सेवाएं देते हुए आने जाने वालों की जानकारी एकत्रित कर रहे है। वही सिविल अस्पताल के कोविड कंट्रोल रूम में विजय नामदेव, काशीराम रजक, सुरेश चौहान एवं खूबचन्द कोरी सेवाएं देते हुए कोरोना संक्रमित होम आइसोलेट मरीजों से दूरभाष द्वारा संपर्क उनके स्वास्थ्य सबंधी जानकारी ले रहे है। इसके अलावा रेल्वे स्टेशन पर गोपाल पटैल, मुकेश कटारे, प्रशांत पटेल, बलराम प्रजापति, रामनाथ गौड़, योगेन्द्र पटेल की ड्यूटी एसडीएम कार्यालय द्वारा लगाई गई है । साथ ही फीवर क्लिनिक सालीचौका में शिक्षक दीपक श्रीवास, प्रमोद साहू, हरीश पाटकर, अनिल पाठक एवं चीचली मे शिक्षक सुनील सोनी, दिनेश गौड़, दिलीप राजगौड़ एवं रजनीश दुबे सहयोग कर रहे है।

# जिले में सर्वाधिक धनराशि एकत्रित

**नरसिंहपुर यभाप्र।** सशस्त्र झंडा दिवस प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को मनाया जाता है। जिसके अंतर्गत सभी आम नागरिक, स्कूल, शासकीय कार्यालय के अधिकारी- कर्मचारी, समाज सेवी संस्थायें, व्यापारी एवं समाज के सभी वर्गों से धन राशि एकत्रित की जाती है। जिसका उपयोग युद्ध में शहीद सैनिकों, उनके परिजनों व पूर्व सैनिकों के कल्याण के कार्यों में खर्च किया जाता है। पिछले वर्ष दानदाताओं द्वारा जिले में एकत्रित धनराशि मध्यप्रदेश के सभी जिलों में सर्वाधिक जमा हुई है। यह सभी जिलेवासियों के लिए गौरव की बात है। कलेक्टर रोहित सिंह के मार्गदर्शन और उनके द्वारा किये गये प्रयासों से यह संभव हुआ है। विगत दिवस मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटैल द्वारा राजभवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यपाल श्री पटैल ने नरसिंहपुर कलेक्टर रोहित सिंह को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को दिया गया। जिस पर सभी पूर्व सैनिकों ने बधाई दी।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि हम सभी के सहयोग से आगे भी प्रदेश में प्रथम आने का प्रयास जारी रखेंगे। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास, जिला पूर्व सैनिक संघ अध्यक्ष लाल साहब जाट, आरपी नेमा, लाखन सिंह, अमित नागवंशी, अजय राजपूत और आरके गुप्ता मौजूद थे।

# 267 व्यक्तियों पर लगा 21 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना



**नरसिंहपुर यभाप्र।** कलेक्टर रोहित सिंह के निर्देशों के परिपालन में रोको- टोको अभियान के तहत मंगलवार 18 जनवरी को जिले के 8 नगरीय निकायों में बगैर मास्क के घूमने वाले 267 व्यक्तियों पर 21 हजार 250 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। मास्क नहीं लगाने पर नगरीय निकाय क्षेत्र नरसिंहपुर में 30 व्यक्तियों पर 2350 रूपये, गाडरवारा में 70 व्यक्तियों पर 7000 रूपये, करेली में 58 व्यक्तियों पर 5800 रूपये, गोटेगांव में 32 व्यक्तियों पर 1600 रूपये, तेंदूखेड़ा में 32 व्यक्तियों पर 1600 रूपये, चीचली में 6 व्यक्तियों पर 300 रूपये, सांईखेड़ा में 25 व्यक्तियों पर 1800 रूपये तथा नगर परिषद सालीचौका में 12 व्यक्तियों पर 600 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा पुलिस विभाग द्वारा 2 व्यक्तियों पर 200 रूपये का जुर्माना लगाया गया।

### 54 दुकानदारों पर लगाया 15200 रूपये का जुर्माना

जिले में कोरोना गाइड लाइन का पालन नहीं करने पर 54 दुकानदारों पर 15200 रूपये का जुर्माना लगाया गया। इसमें नगरीय निकाय नरसिंहपुर में 6 दुकानदारों पर 3 हजार रूपये, करेली में दो दुकानदारों पर 2 हजार रूपये, गोटेगांव में 15 दुकानदारों पर 3 हजार रूपये, तेंदूखेड़ा में 5 दुकानदारों पर एक हजार रूपये, चीचली में 4 दुकानदारों पर 400 रूपये, सांईखेड़ा में दो दुकानदारों पर 600 रूपये और सालीचौका में 20 दुकानदारों पर 5400 रूपये का जुर्माना लगाया गया। जिले के 8 नगरीय निकायों में 748 लोगों को मास्क का नि: शुल्क वितरण किया गया। इसमें नगरीय निकाय नरसिंहपुर में 220, गाडरवारा में 100, करेली में 95, गोटेगांव में 90, तेंदूखेड़ा में 96, चीचली में 15, सांईखेड़ा में 120, सालीचौका में 12 लोगों को मास्क का नि:शुल्क वितरण किया गया।

# चना, मसूर, बटरी में दिखने लगे रोग



**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** बीते सप्ताह बिगड़े अचानक मौसम के मिजाज के चलते जहां शुरूआती फसलों को नुकशानदायक साावित हुई है वही अब मौसम खुलने के उपरांत फसलों में विभिन्न प्रकार की कीट व्याधियां देखने को मिल रहीं है। मुख्य रूप से चना मसूर और बटरी में व्याधियों के साथ फसले पीली पड़ रही है। निश्चित तौर पर किसानों में चिंता की लकीरें देखी जा रही है। जैसे तैसे इस वर्ष अधिकांशत: किसानों द्वारा कम लागत अधिक मूल्य देने वाली विभिन्न प्रकार की फसलें लहशुन और सरसों लगाई थी उस में भी हल्का फुल्का नुकसान बताया जा रहा है। सब्जियों में भी विभिन्न प्रकार के रोग देखे जा रहें है। मौसम साफ होते ही जहां कड़ाके की सर्दी पड़ने से आम जनजीवन काफी प्रभावित बना हुआ है।

### धूप निकलने के बाद मिली राहत

पिछले 5-6 दिनों से सुबह देर तक कोहरा छाये रहने बर्फीली सर्द हवाओं के चलने एवं धूप ना निकलने के कारण लोग घरो में ही सर्दी से बचाव के कारण घरो पर ही बने हुये थे वहीं मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप निकलने के उपरांत लोगों ने राहत की सांस ली है, एवं सर्दी से भी थोड़ी सी राहत मिली है।

## कृषि विभाग की उदासीनता का दंश भोग रहे किसान

# घटिया कीटनाशक से बर्बाद हो गई फसल



***नरसिंहपुर यभाप्र।** जिले में किसानों को गुमराह कर नकली और घटिया कीटनाशक दवाएं फसल में डालने के लिए बेची जा रहीं हैं। जिसकी शिकायतें भी होती रहती हैं, लेकिन कृषि विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इन शिकायतों पर जांच औपचारिकता पूर्ण करते आ रहे है। जिम्मेदारों की उदासीनता का दंश किसानों को भोगना पड़ रहा है।*

हाल ही में तहसील गोटेगांव के ग्राम बौछार निवासी अनुरूद्ध सिंह पटैल पिता स्व. शिवराज सिंह लोधी ने कलेक्टर को शिकायत कर बताया कि फसलों में डाली जाने वाली दवाईयों के कारण उसकी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। किसान अनुरूद्ध सिंह पटैल ने बताया कि गोटेगांव निवासी राजसिंह पटैल एवं ग्राम बिछुआ निवासी संदीप लोधी पिता देवेन्द्र सिंह लोधी नवभारत फर्टीलाईजर कंपनी लिमिटेड भोपाल के एजेंट हैं जिसमें संदीप लोधी गांव-गांव जाकर फसलों में डाली जाने वाली दवाईयों का विक्रय करता है एवं मौजा बौछार पहन 10, नब 429 तहसील नरसिंहपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 118 रकबा 0.178 हेक्टर खसरा नंबर 116 रकबा 1.303 हेक्टर भूमि कमलेश बाई के नाम से दर्ज है एवं इस भूमि के बाजू से आवेदक का खेत लगभग 75 डिस्मिल है। जिसकी देखरेख अनुरूद्ध पटैल करता है। अनुरूद्ध पटैल ने बताया कि फसल में कंपनी द्वारा दी जाने वाली खजाना, जेम्स बोंड एवं विन्जामिल एल को डालने पर खेत में लगी फसल दो दिन के अंदर सूख गई और फसल पूर्णत: नष्ट हो गई है। इन दवाईयों के कारण फसल नष्ट होने से करीब 6 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। किसान अनुरूद्ध पटैल ने कलेक्टर से दोषी अभिकर्ताओं और दवा निर्माता कंपनी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। वहीं दूसरी ओर कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन किसान को दिया है।

# क्या खत्म होगा 71वें शतक का इंतजार?

**टीम इंडिया के पूर्व कप्तान 2017 के बाद पहली बार बतौर बल्लेबाज कोई इंटरनेशनल मैच खेलने उतरेंगे। दिसंबर 2014 में विराट टेस्ट कप्तान बने थे, जबकि जनवरी 2017 में उन्होंने वनडे और टी20 टीम की कमान संभाली थी। विराट के सिर से अब कप्तानी का भारी बोझ उतर चुका है, ऐसे में फैन्स उम्मीद लगाए बैठे हैं कि विराट के बल्ले से अब ताबड़तोड़ रन निकलेंगे और साथ ही 71वीं इंटरनेशनल सेंचुरी का लंबा इंतजार भी खत्म होगा।**




## कप्तानी के बोझ से छुटकारा पाकर विराट कोहली बना सकते हैं ये चार धांसू रिकॉर्ड्स

विराट जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलने उतरेंगे, तो उनके पास कई रिकॉर्ड्स अपने नाम करने का मौका होगा। पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले विराट ने घोषणा की थी कि बतौर टी20 कप्तान यह उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा, लेकिन वनडे और टेस्ट टीम की कप्तानी करना वह जारी रखेंगे। दक्षिण अफ्रीका दौरे से ठीक पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित शर्मा को वनडे कप्तान घोषित कर दिया। ऐसे में विराट के पास बस टेस्ट कप्तानी बची थी, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज 1-2 से गंवाने के बाद विराट ने क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट की कप्तानी भी छोड़ दी। चलिए एक नजर डालते हैं कि वनडे सीरीज के दौरान विराट कौन-कौन से रिकॉर्ड्स बना सकते हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने लगाई हैं। सचिन ने कुल 100 शतक जड़े हैं और दूसरे नंबर पर हैं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग। पोंटिंग के खाते में 71 इंटरनेशनल सेंचुरी हैं, जबकि विराट अभी तक 70 इंटरनेशनल शतक लगा चुके हैं। विराट इस सीरीज के दौरान अगर शतक ठोकते हैं, तो पोंटिंग की बराबरी कर लेंगे, वहीं अगर उनके बल्ले से सीरीज के दौरान दो शतक निकलते हैं, तो वह सबसे ज्यादा इंटरनेशनल सेंचुरी के मामले में पोंटिंग को पीछे छोड़ते हुए नंबर-2 की गद्दी पर अकेले ही विराजमान हो जाएंगे।

### राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली से आगे निकलने का मौका

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी सचिन तेंदुलकर के नाम ही दर्ज है। तेंदुलकर ने कुल 2001 रन बनाए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर सौरव गांगुली और तीसरे नंबर पर राहुल द्रविड़ का नाम आता है। गांगुली ने 1313, जबकि द्रविड़ ने 1309 रन बनाए हैं। चौथे नंबर पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने अभी तक 1287 रन बनाए हैं। विराट अगर इस सीरीज में 27 रन बना लेते हैं, तो वह इन दोनों को पीछे छोड़ देंगे।

### दक्षिण अफ्रीका में सबसे ज्यादा रन

दक्षिण अफ्रीका में वनडे में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर के नाम ही दर्ज हैं, जिन्होंने 1453 रन बनाए हैं। इस मामले में विराट कोहली फिलहाल चौथे पायदान पर हैं। विराट से आगे यहां भी तेंदुलकर, गांगुली और द्रविड़ हैं। गांगुली ने 1048 और द्रविड़ ने 930 रन बनाए हैं। विराट के खाते में फिलहाल 877 रन हैं। विराट अगर इस सीरीज के दौरान 172 रन बना लेते हैं, तो वह गांगुली और द्रविड़ दोनों को पीछे छोड़ देंगे। 54 रन बनाते ही वह राहुल द्रविड़ से आगे निकल जाएंगे।

### गांगुली की बराबरी का मौका

चार या इससे अधिक देशों में 1000+ रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी अभी तक सिर्फ दो ही हैं। पहले सचिन तेंदुलकर और फिर सौरव गांगुली। तेंदुलकर ने छह देशों में 1000+ रन बनाए हैं, जबकि सौरव गांगुली ने ऐसा चार देशों में किया है। विराट अभी तक भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में 1000+ वनडे रन बना चुके हैं और इस सीरीज में अगर 113 रन और बना लेते हैं, तो वह गांगुली की बराबरी कर लेंगे।



लीजेंड्स लीग क्रिकेट:

# वीरेंद्र सहवाग करेंगे इंडियन महाराज की कप्तानी, मिसबाह संभालेंगे एशिया लायन्स की कमान

टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग बुधवार से शुरू होने वाले लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) टी20 टूर्नामेंट में भारत के पूर्व क्रिकेटरों की टीम इंडियन महाराज की अगुवाई करेंगे। कई मौकों पर भारतीय टीम के अलावा इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स (डेयरडेविल्स) और पंजाब किंग्स की कप्तानी कर चुके सहवाग की टीम में मोहम्मद कैफ उप-कप्तान जबकि ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड कप विजेता कोच जॉन बुकानन कोच की भूमिका में होंगे।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक एशिया लायन्स टीम की अगुवाई करेंगे। इस टीम में पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के खिलाड़ी शामिल हैं। इस टीम में शाहिद अफरीदी, शोएब अख्तर, मोहम्मद हाफिज, उमर गुल, सनथ जयसूर्या, तिलकरत्ने दिलशान, चमिंडा वास और हबीबुल बशर जैसे खिलाड़ी हैं। एशिया लायन्स ने दिलशान को उप-कप्तान, जबकि 1996 आईसीसी वर्ल्ड कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा कोच नियुक्त किया है। टूर्नामेंट की तीसरी टीम %वर्ल्ड जायंट्स% की अगुवाई वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी करेंगे। इस टीम में न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ब्रेट ली, इंग्लैंड के केविन पीटरसन, दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर इमरान ताहिर होंगे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जोंटी रोड्स वर्ल्ड जायंट्स टीम के खिलाड़ी सह मेंटर होंगे। एलएलसी टी20 टूर्नामेंट के कमिश्नर रवि शास्त्री ने कहा, %ये खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं लेकिन फिर भी ये क्रिकेट को लेकर काफी जुनूनी हैं। मुझे यकीन है कि वे अगले 10 दिनों में अपनी टीमों के लिए अपना अतिरिक्त कौशल दिखाएंगे।

# कपिल शर्मा ने दिखाया बेटी अनायरा का टैलेंट, ड्रम बजाते हुए बोली- पापा आप भी...

**कपिल शर्मा इन दिनों अपने नेटफ्लिक्स डेब्यू के लिए चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपनी बेटी अनायरा का बहुत प्यारा वीडियो इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। इस वीडियो में क्यूट अनायरा ड्रम बजाती दिख रही हैं। साथ में अपनी प्यारी आवाज में पापा से भी बजाने की रिक्वेस्ट करती दिख रही हैं। कपिल ने इसके साथ लिखा है, जैसा पिता वैसी बेटी। बीते दिनों कपिल के बेटे त्रिशान का वीडियो भी सामने आया था। लोहड़ी सेलिब्रेशन का वीडियो मीका सिंह ने पोस्ट किया था। इसमें कपिल शर्मा भी डांस करते नजर आ रहे थे और यही ड्रम कपिल और मीका बजा रहे थे।**





### बहुत क्यूट दिख रही थी अनायरा

कपिल शर्मा अपने सोशल मीडिया पर बच्चों की तस्वीरें पोस्ट करते रहते हैं। इस बार बेटी अनायरा की प्यारी सी वीडियो क्लिप उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट की है। अनायर इस क्लिप में ड्रम बजा रही हैं। साथ ही कपिल से बड़े प्यार से कहती हैं, पापा आप बजाओ, आप भी बजाओ।

### बेटे त्रिशान की भी दिखी झलक

कपिल और गिन्नी की शादी को 3 साल हुए हैं। उनके दो बच्चे हैं। बेटी अनायरा दो साल की हैं वहीं बेटा त्रिशान एक साल का हो गया है। हाल ही में लोहड़ी के दौरान मीका सिंह ने एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमें कपिल की पूरी फैमिली नजर आ रही थी। कपिल का बेटा भी खड़ा होने की कोशिश कर रहा था। वहीं अनायरा डांस कर रही थीं।

### नेटफ्लिक्स शो को लेकर चर्चे

कपिल का स्टैंडअप कॉमेडी शो नेटफ्लिक्स पर आने वाला है जिसका नाम है %द्ध.द्द ह्यड्ढ छ्वश्चद्ग 4द्गह्ल%। इस शो के कुछ प्रोमोज रिलीज हो चुके हैं। रीसेंट प्रोमो में कपिल ने खुलासा किया था कि उन्होंने शराब के नशे में गिन्नी को प्रपोज किया था। इसके लिए वह शराब के शुक्रगुजार भी थे कि उन्हें ऐल्कोहॉल की वजह से इतनी हिम्मत आ गई।

# इस हफ्ते खत्म होगा दर्शकों का इंतजार, इस दिन रिलीज होगा फिल्म का ट्रेलर




इससे पहले इस फिल्म का ट्रेलर 6 जनवरी को एक ग्रैंड इवेंट में लॉन्च किया जाना था। हालांकि कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए इस इवेंट को कैंसिल कर दिया गया। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आगामी फिल्म गहराइयां के अनाउंसमेंट के बाद से ही दर्शक इस फिल्म की झलक पाने को बेताब हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री के फैंस के लिए खुशखबरी सामने आई है। हाल ही में सामने आई जानकारी के मुताबिक फिल्म का ट्रेलर इसी हफ्ते जारी किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दीपिका पादुकोण स्टारर इस फिल्म का ट्रेलर 20 जनवरी को रिलीज किया जाएगा।

इससे पहले इस फिल्म का ट्रेलर 6 जनवरी को एक ग्रैंड इवेंट में लॉन्च किया जाना था। हालांकि कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए इस इवेंट को कैंसिल कर दिया गया। बाद में ऐसी जानकारी भी आई थी कि अब यह ट्रेलर लॉन्च इवेंट वर्चुअली आयोजित किया जाएगा। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई भी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

फिल्म की बात करें तो इसमें अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के साथ अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी, एक्ट्रेस अनन्य पांडे और धैर्य करवा नजर आएंगे। इसके साथ ही फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और रजत कपूर भी अहम किरदार में दिखाई देंगे। यह फिल्म अगले महीने 11 तारीख को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी। फिल्म गहराईयां का डिजिटल प्रीमियर प्राइम वीडियो पर दुनिया के 240 देशों में किया जाएगा।

निर्देशक शकुन बत्रा के निर्देशन में बनी यह फिल्म आज के जमाने के रिश्तो की उलझन और इसकी अंदरूनी परतों, युवाओं के जीवन के खास पहलुओं और उन्मुक्त होकर अपनी मर्जी से जिंदगी बिताने की इच्छा को बखूबी प्रदर्शित करती है।

**लारा दत्ता ने अपने फिल्मी करियर में सलमान खान से लेकर अक्षय कुमार तक सभी दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया है। हाल ही में दिए गए एक साक्षात्कार के दौरान अभिनेत्री अपनी उन आदतों के बारे में बात की, जो अभी तक नहीं बदली हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने सह-कलाकारों की आदतों के बारे में भी खुलासे किए हैं।**

# लारा दत्ता ने सलमान खान-अक्षय कुमार की आदतों को लेकर किया खुलासा, कहा- वो आज भी.





2005 में रिलीज हुई फिल्म %नो एंट्री% में लारा दत्ता ने अभिनेता सलमान खान के साथ अभिनय किया था। उन्होंने खुलासा किया कि सलमान अभी भी उन्हें आधी रात को कॉल करते हैं। लारा दत्ता ने बताया कि सलमान आधी रात को ही उठते हैं। उनके फोन कॉल भी तभी ही आते हैं और मैं आधी रात को ही उनके फोन उठाती हूं।

अक्षय कुमार के उल्लेख पर लारा ने दुखी हो कर कहा, ÷वह अभी भी सुबह जल्दी उठ जाते हैं। इससे पहले कि कोई और उनके जीवन में कभी जल्दी उठे।÷ बता दें कि लारा ने 2003 में फिल्म अंदाज में अक्षय के साथ बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। आखिरी बार दोनों 2021 में रिलीज हुई फिल्म बेलबॉटम में नजर आए थे।

संजय दत्त के बारे में बात करते हुए, लारा ने कहा, ÷जब भी वो आपसे मिलेंगे, वो शर्माएंगे। बहुत इंट्रोवर्ट हैं।÷ बता दें कि दोनों ने 2006 में रिलीज हुई फिल्म जिंदा में साथ काम किया था।

लारा को आखिरी बार ब? पर्दे पर फिल्म बेलबॉटम में देखा गया था। जिसमें उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी। अब वह जी5 पर रिलीज हो चुकी सीरिज %कौन बनेगा शिखरवती% में नजर आएंगी। कौन बनेगा शिखरवती में, लारा ने सोहा अली खान, कृतिका कामरा और अन्या सिंह के साथ एक सनकी राजा (नसीरुद्दीन शाह) की चार बेटियों में से एक की भूमिका निभाई है।

# इस दिन ओटीटी पर रिलीज हो रही है अखंडा और ब्रो डैडी, जानें कब और कहां देख सकते हैं?

कोरोना वायरस की तीसरी लहर में सिनेमाघरों को बंद कर दिया गया है, जिस वजह से अब दर्शकों की नजरें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बनी हुई हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हो रही हैं, जिसके जरिए ही दर्शक खुद को एंटरटेन कर पा रहे हैं। साल 2022 में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने के लिए तैयार हैं, जिस वजह से दर्शक काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की चर्चित फिल्म 'ब्रो डैडी' भी जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही है।

इसके अलावा, बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद अब तेलुगु फिल्म अखंडा भी ओटीटी प्लेटफॉर्म के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए आ रही है। यानी आने वाले दिनों में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए काफी धमाल होने वाला है। ऐसे में आज हम आपको बताते हैं कि आप इन दोनों फिल्मों को कहां, कब और कैसे देख सकते हैं

साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'अखंडा' ने सिनेमाघरों में धमाल मचा दिया था। इसी वजह से अब मेकर्स इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी ला रहे हैं। ऐसे में अगर आपने ये फिल्म नहीं देखी है तो एक बार फिर आपको फिल्म देखने का मौक मिल रहा है। ये फिल्म 21 जनवरी को शाम 6 बजे से ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर दिखाई जाएगी।

### अखंडा ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया था धमाल

'अखंडा' एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसकी कहानी और जबरदस्त एक्शन ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस फिल्म को बोयापति श्रीनु ने नंदमुरी बालकृष्ण के साथ मिलकर लिखा और निर्देशित किया है। ये नंदमुरी बालकृष्ण के करियर की सबसे बड़ी फिल्म मानी जा रही है। इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 130 करोड़ का रहा था।

### फिल्म 'ब्रो डैडी' भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर

'ब्रो डैडी' साल 2022 की चर्चित मलयालम फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसमें फिल्म की झलक फैंस को खूब पसंद आई है। ये फिल्म 26 जनवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है।

### फैमिली ड्रामा फिल्म है 'ब्रो डैडी'

'ब्रो डैडी' के ट्रेलर से साफ हो चुका है कि ये एक फैमिली फिल्म है, जिसमें मोनहलाल और पृथ्वीलाल सुकुमारन के साथ कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन भी पृथ्वीराज ने किया है। फिल्म में कॉमेडी का भी खूब ध्यान रखा गया है।



# कुंडम में बाइक सवार को 407 ने मारी टक्कर

## फट गया सिर ; इलाज के दौरान मौत





मृतक के जीवित अवस्था का चित्र, शोकाकुल परिजन

जबलपुर यश भारत। कुंडम के बैरागी में रीवा निवासी बाइक सवार युवक को टाटा 407 के चालक ने सीधी टक्कर मार दी हादसे में युवक बाइक समेत उछलकर रोड से 10 फीट दूर जा गिरा जिसके सिर में गंभीर चोट थी हादसे के दौरान मची चीख-पुकार में तत्काल हंड्रेड डायल को इसकी सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस ने युवक को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन जब डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए कि मृतक के परिजनों ने दूसरे निजी अस्पताल में भी भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान युवक ने दरमियानी रात 10ः00 बजे दम तोड़ दिया युवक जबलपुर की घड़ी कंपनी का कर्मचारी था पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है वही हादसे के बाद आरोपी वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कुंडम के पास बैरागी में अनिल पांडे 28 वर्ष बाइक से जबलपुर लौट रहे थे तभी 15 जनवरी 20 22 को टाटा 407 क्रमांक एमपी 20 जीबी 1574 के चालक ने बाइक सवार को सीधी टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया जिसके बाद युवक को में भर्ती किया गया जहां उसने दम तोड़ दिया ।

### -शास्त्री नगर का रहवासी युवक

पुलिस ने बताया कि मृतक मूलतः रीवा का निवासी था और यहां जबलपुर में शास्त्री नगर में रहकर खड़ी कंपनी में कार्य करता था जिसका कार्यक्षेत्र डिंडोरी था लेकिन किसी कारणवश वह कुंडम गया था जहां से लौटने के दौरान यह हादसा हो गया पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# मेडिकल को अंग दान कर अधेड़ ने लगाई फांसी



जबलपुर यश भारत। घमापुर में मंगलवार की दरमियानी रात एक अधेड़ ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । मृतक पूर्व में जबलपुर मेडिकल कॉलेज में अपना शरीर दान कर चुका है पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए

## पुलिस कर रही बारीकी से जांच

बताया कि घमापुर के संगम टेंट हाउस के पास प्रसाद पांडे पिता अनंत पांडे 50 वर्ष पिछले 1 वर्ष से किराए से रहता था जिसमें दरमियानी रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### - सामाजिक कार्यों का प्रमाण पत्र

पुलिस ने बताया कि मृतक के पिता जीसीएफ फैक्ट्री में कर्मचारी थे बद्री प्रसाद लगातार सामाजिक कार्यों से जुड़कर समाज की सेवा किया करता था इसी के चलते उसने जबलपुर मेडिकल हॉस्पिटल में अपना शरीर दान भी कर दिया था और अनेक सामाजिक संगठनों के साथ जोड़कर जन सेवा में लगातार प्रयासरत रहता था जिसके किराए के मकान से पुलिस ने सामाजिक कार्यों का प्रमाण पत्र भी हासिल किया है हासिल जानकारी के अनुसार अभी तक मृतक के पास कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है लेकिन बताया जा रहा है कि अधेड़ पेट की किसी बीमारी से पीड़ित था और इलाज कराने के बाद भी हालत नहीं सुधर रही थी।

# अधारताल मैं नाबालिग से बलात्कार

## युवक ने अपने घर बुलाकर की ज्यादती

जबलपुर यश भारत। अधारताल में नाबालिग के साथ बलात्कार का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है । आरोपी युवक ने पहले तो नाबालिग को अपने प्रेम के जाल में फंसाया और फिर घर बुलाकर जबरन बलात्कार किया और उसे घर छोड़ दिया जिसके बाद पीड़िता ने पूरी सच्चाई माता पिता को बताई जिसके बाद पीड़ित माता-पिता ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता ने रोते हुए बताया की 24 वर्षीय युवक ने प्रेम के झांसे में फंसा कर उससे कई बार बलात्कार किया है विगत दिनों आरोपी युवक ने उसे अपने घर पटेल मैत्री नगर बुलाया और जबरन उससे शारीरिक संबंध बनाए जब उसने इसका विरोध किया तो गाली गलौज कर मारपीट करने लगा पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को तलाश करने में जुटी है।



# मझगवां में 2 किसानों की उड़द की फसल लेकर दलाल ने लगाई 7 लाख 50 हजार की चपत

**जबलपुर यश भारत।** मझगवां में 2 किसानों के साथ धोखाधड़ी करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां एक दलाल ने पहले तो 2 किसानों को झांसे में लेकर उनकी उड़द की फसल खरीदी और बाद में पैसे देने से मुकर गया जब किसानों ने पैसे लेने के लिए दबाव बनाया तो दलाल किसान ने दो टूक कह दिया कि उसकी जेब में रखे हुए पैसे चोरी हो गए हैं जिसके बाद पीड़ित किसानों ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की इतना ही नहीं जब पुलिस ने दलाल को थाने बुलवाया तो उसने उल्टा पुलिस पर ही कार्रवाई करने का दबाव बनाने लगा पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि रमखिरिया का रहने वाला गोकुल साहू के खिलाफ चिकली के किसान पुरुषोत्तम कुमार ने शिकायत करते हुए बताया कि उसकी 80 कुंटल 40 किलो उड़द की फसल बेचने के लिए दलाल को दी थी फसल बेचने के बाद तय समय में पैसे देने की बात हुई थी लेकिन दलाल उसका करीब 5 लाख देने से मुकर गया तो वहीं दूसरी ओर मनोदर निवासी रविंद्र पांडे मैं दलाल के खिलाफ शिकायत करते हैं बताया कि उसकी 40 कुंटल उड़द की फसल कीमत 2 लाख 50 हजार डकार कर दलाल गोकुल साहू पैसे देने से साफ साफ मुकर गया है जिसके चलते स्थिति यह है क्यों उसको खाने तक के लाले पड़े हैं।

**- कार्रवाई करने पर पुलिस को दी शिकायत करने की धमकी**

### साहब 5 लाख रुपए हो गए चोरी

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जब दलाल गोकुल साहू को थाने बुलाया तो उसने घड़ियाली आंसू बहाते हुए कह दिया के साहब जेब में रखे हुए 5 लाख रुपए चोरी हो गए हैं अब ऐसी हालत में मैं वह पैसे आकर कहां से दे दे उसकी कुछ जमीन है जिसे बेचकर वह पैसा देगा।

### दलाल के नाम पर नहीं है जमीन

पुलिस ने जब मामले में जांच की तो पाया गया कि दलाल गोकुल साहू के नाम पर जमीन का एक भी टुकड़ा नहीं है जब पुलिस दलाल से कहा तो वह मामले में समझौता करने से बचते हुए उल्टा पुलिस को ही कार्रवाई करने की धमकी देने लगा जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है जिसकी कार्रवाई जारी है।

# कोल्ड -डे जैसी स्थिति, ठिठुरा शहर

## पारा पहुंचा 6 के पास





**जबलपुर,यशभारत ।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से पड़ रही कड़ाके की ठंड के असर से बुधवार सुबह कोल्ड -डे जैसी स्थिति ने शहर को ठिठुरा दिया। आसमान साफ होने से खिली धूप के कारण लोग घरों के बाहर धूप सेंकते नजर आए। दिन और रात क्रात के तापमान का गिरना जारी है। मंगलवार को अधिकतम तापमान जहां सामान्स से 3 डिसे नीचे 21.4 रहा वहीं रात न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री तक नीचे चला गया। जबकि बुधवार की सुबह का तापमान 4 डिसे नीचे 6.6 रहा। दरमियानी रात से पड़ रही जोरदार ठंड का असर सुबह भी रहा। मैदानी इलाकों में सुबह-सुबह चहुंओर कोहरे की चादर बिछी रही।नदी-तालाब और खुले इलाकों में कोहरे के बीच ओस की बूंदे बिछी रही। सुबह-सुबह दूध लेने या अन्य जरूरी काम से आने-जाने वाले भीषण ठंड से परेशान होते रहे। जब सूरज ने जब धूप बिखेरी तक कहीं जाकर धूप की गर्माहट से राहत मिली। मौसम विभाग की माने तो अभी दो दिन ठंड का असर ऐसा ही रहेगा इसके बाद तापमान बढ़ने से ठंड कुछ कम हो जाएगी। पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी से जबलपुर सहित मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जबलपुर में पिछले करीब एक सप्ताह से ठंड कहर ढा रही है। पिछले दिनों हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद ठंड ने जो पलटी मारी उससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। लोग ठंड से बचने गर्म कपड़े तो पहन ही रहे है आग का सहारा भी ले रहे हैं। वर्तमान में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ हिमालय क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 21 जनवरी को एक तीव्र आवृति वाले पश्चिमी विक्षोभ के भी उत्तर भारत में प्रवेश करने की संभावना है। इसके प्रभाव से दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर एक प्रेरित चक्रवात का बनना संभावित है। इन दो वेदर सिस्टम के प्रभाव से शुक्रवार से मध्य प्रदेश का मौसम प्रभावित होने लगेगा। बादल छाने लगेंगे।

# ब्लैकमेलिंग वृद्ध का वीडियो बनाकर युवती मांग रही 30 लाख रुपए

**जबलपुर यश भारत।** पनागर में एक वृद्ध का वीडियो बनाकर एक युवती 30 लाख रुपए की डिमांड कर रही है युवती का कहना है कि यदि उसे पैसे नहीं मिले तो वह वीडियो वायरल कर देगी परेशान हैरान वृद्ध ने थाने पहुंचकर शिकायत की है जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 67 वर्षीय एक वृद्ध ने शिकायत दर्ज की है कि उसके पास ही में रहने वाली एक युवती अक्सर उसके घर आती जाती थी उसी के चलते हैं उसने एक वीडियो बना दिया और अब वीडियो के बदले ब्लैक मेलिंग कर रही है वृद्ध ने बताया युवती उसकी इज्जत समाज में उछालना चाहती है जिसके एवज में वह उससे 300000 की डिमांड कर रही है पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

# सरपंच पुत्र का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला

## चाचा के नौकर को पीटने पर कुछ दिन पहले ही गिरफ्तार हुआ था



**जबलपुर, यशभारत।** बेलखेड़ा से 10 किमी दूर पिपरिया कला गांव के बाहर खेत में 42 वर्षीय व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। तीन दिन पहले उसे जमानत पर गांव के ही एक व्यक्ति ने छु?ाया था। इसके बाद से उसका पता नहीं चल रहा था। उसका शव जमीन पर बैठने की मुद्रा में एक झाड़ की पतली डाली में बंधे शर्ट के फंदे के साथ मिला। एफएसएल टीम की मौजूदगी में शव को ले जाने के लिए गांव के लोग पहुंचे तो शर्ट का फंदा अपने आप खुल गया। पुलिस जहां इसे सुसाइड बता रही है, वहीं परिजन हत्या बता रहे हैं। बेलखेड़ा पुलिस के मुताबिक भैरोघाट निवासी सरपंच शंकर सिंह लोधी के बेटे प्रह्लाद लोधी (42) के रूप में शव की पहचान हुई। तीन दिन पहले प्रह्लाद ने नशे में चाचा मूरत सिंह के नौकर बेड़ीलाल के सिर में चोट पहुंचा दी थी। चाचा मूरत की शिकायत पर बेलखेड़ा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर थाने ले गई थी। घरवालों की बजाए गांव के नवल लोधी ने उसकी जमानत कराई थी। नवल से उसकी अच्छी दोस्ती थी। हालांकि थाने से छूटने के बाद भी वह घर नहीं पहुंचा।

### 18 जनवरी को मिली लाश

भैरोघाट से 10 किमी दूर पिपरिया गांव में मालगुजार अनिल सिंह ठाकुर के खेत में रोसल्हे के झाड़ के पास उसकी लाश मिली। अनिल सिंह के खेत की चारों ओर से फेंसिंग हुई है। कुछ दिन पहले ही सिंचाई भी हुई थी। उनके खेत में गाय घुस गई थी। नौकर गाय को हांकने पहुंचा था, तब उसकी नजर प्रह्लाद लोधी की लाश पर पड़ी और उसकी सूचना पर गांव के लोग पहुंचे।

### पिपरिया गांव में है प्रह्लाद की रिश्तेदारी

प्रह्लाद लोधी की रिश्तेदारी पिपरिया गांव में है। उसकी बुआ वहां रहती हैं। लाश मिलने की खबर पाकर पहुंचे बुआ के बेटों ने शव की पहचान की और फिर प्रह्लाद के परिजनों के साथ बेलखेड़ा पुलिस को सूचना दी। बेलखेड़ा पुलिस ने एफएसएल टीम की मौजूदगी में शव को पीएम के लिए भिजवाया। मौके पर एएसपी शिवेश सिंह बघेल भी पहुंचे थे।

### श्री महेश प्रसाद गुप्ता का निधन



**जबलपुर।** अमित अंकित गुप्ता उदय नगर नंबर 1, के पिता श्री महेश प्रसाद गुप्ता का स्वर्गवास आज हो गया है। शव यात्रा उनके निवास स्थान शोभापुर से 11 बजे ग्वारीघाट पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया।

### विश्राम खन्ना का निधन



**जबलपुर।** धनवंतरी नगर निवासी एवं भविष्य निधि कार्यालय में अनुभाग प्रभारी विश्राम खन्ना का मंगलवार को निधन हो गया। वे श्रीमती निशा खन्ना के पति एवं डॉक्टर वैशाली खन्ना के पिता थे। अंत्येष्टि ग्वारीघाट मुक्तिधाम में हुई।

# मदन महल में दो कारों में सीधी टक्कर

## शीशे टूट कर रोड पर बिखरे

**जबलपुर यश भारत ।** मदन महल थाना अंतर्गत शारदा टॉकीज के पास दरमियानी रात दो कारों में सीधी भिड़ंत हो गई हादसे में चालकों को तो कोई छोटा नहीं आई लेकिन एक कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके शीशे टूट कर रोड पर बिखर गए वही आरोपी कार सवार मौके से फरार हो गया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मदन महल पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कार सवार राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने शिकायत देते हुए थाने में बताया कि वह बस स्टैंड से अपने घर जा रहे थे तभी शारदा टॉकीज के चौराहे के पास एक अज्ञात कार सवार ने सीधी टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया हादसे में उसकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वही मौका देखकर आरोपी कार सवार फरार हो गया पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडोंटिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहाँ दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज (रूट कैनाल ट्रीटमेंट), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार (डेंटल ब्लीचिंग)।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई (स्केलिंग) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉत लगवाना (सिरामिक एवं मेटल)।, टेढ़े दातों का इलाज (आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली (डेन्चर)।, बच्चों के दांतों का इलाज (पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, डेंटल इम्प्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना (डेंटल एक्सट्रैक्शन)।

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU मुखर्जी हॉस्पिटल
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. काडियोलॉजिस्ट)
डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी)
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल
E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा
उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, निःशुल्क उपलब्ध।

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला -गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना रेबड़ी गजक ड्रायफ्रूट
नमकीन तोस लईया लड्डू भेल
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)